षष्ठीयुक्तश्छन्दसि वा सूत्र का योग विभाग करके भाष्यकार ने लौकिक शब्दों की सिद्धि की सारी व्यवस्था का वेद में व्यत्यय कर दिया है, यथा-सुपां व्यत्ययः– युक्ता मातासीद् धुरि दक्षिणयाः इति प्राप्ते। तिडां व्यत्ययः। चषालं ये अश्वयूपाय तक्षति–तक्षन्ति इति प्राप्ते। वर्णव्यत्ययः त्रिष्टुभौजः शुमितमुग्रवीरम्–सुहितमिति प्राप्ते। लिङ्व्यत्ययः–मधोर्ग्रह्णाति–मधुन इत प्राप्ते। कालव्यत्ययः–श्वोऽग्नीनाधास्यमानेन–श्वः सोमेन यक्ष्यमाणेन श्व आधाता, श्वो यष्टा इति प्राप्ते। पुरुषव्यत्ययः अधा स वीरैर्दशभिर्वियूयाः–वियूयाद् इति प्राप्ते। आत्मनेपदव्यतयय:–ब्रह्मारिणमिच्छते–इच्छति इति प्राप्ते। परस्मैपदव्यत्ययः प्रतीपमन्य उर्मिर्युध्यति–युध्यते इति प्राप्ते।

इसी प्रकार व्यत्ययो बहुलम् में विकरण का व्यत्यय बतलाया गया है–करोति के स्थान पर करति, म्रियते के स्थान पर मरति, भिन्नत्ति के स्थान पर भेदति आदि।

इस प्रकार लौकिक शब्दों की पूरी व्यवस्था वेद में वैकल्पिक हो जाती है। यह विकल्प का महास्त्र देकर उन्होंने सारे वैदिक शब्दों की एक निश्चित प्रक्रिया से सिद्ध करने का राजमार्ग हमें प्रदान कर दिया है। तथापि छन्दांसि दृष्टानुविधि के अनुसार हमें वेद के दृष्ट प्रयोगों की सिद्धि कर लेना चाहिये। लौकिक शब्दों को सिद्ध करने की जो प्रक्रिया है, उसी से वैदिक शब्दों की सिद्धि होती चलती है, अतः उसे पूरी प्रक्रिया से पृथक् पीछे डाल देने से ऐसा लगता है कि वैदिक व्याकरण पृथक् है तथा लौकिक पृथक्। वस्तुतः पाणिनीय व्याकरण दोनों शब्दों की साथ-साथ सिद्धि करता है, वहाँ पार्थक्य दृष्टि ही नहीं है। २६३ सूत्र वैदिकी प्रक्रिया के हैं, इसका अर्थ यह नहीं है कि शेष सूत्र लौकिकी प्रक्रिया के हैं। इन २६३ सूत्रों के अलावा सूत्रों से जो कुछ भी सिद्ध होता है वह लोक तथा वेद मे समान होता है। यह जानना चाहिये। बहुलं छन्दसि सूत्रद ११ बार कहा है तथा एक है बहुलं छन्दस्यामाङ्योगेऽपि। ये कौमुदी में पीछे बैठकर कुछ भी बतलाने में असमर्थ हैं। ये लौकिक सूत्रों के साथ बैठकर अपने अर्थ को स्वयमेव प्रकाशित कर देते हैं। जब कहा जाता है अदिप्रभृतिभ्यः शपः (२/४/७३) अर्थात् अदादिगण पठित धातुओं से परे आने वाले शप् का लुक् हो जाता है तो हन् धातु से हन्ति बनता है। उसके ठीक बाद में जब कहा जाता है–बहुलं छन्दभि (२/४/८४) तो उसका अर्थ होता है कि वेद में यह शप्लुक् बहुल करके होता है तो वृत्रं हनति, अहिः शयते आदि वही, साथ ही बन जाते हैं।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

इसी प्रकार जब जुहोत्यादिभ्यः श्लुः (२/४/७५) जुहोत्यादि गण पठित धातुओं से परे आने वाले शप् को श्लु करता है तब इन धातुओं का श्लौ से द्वित्व होकर ददाति आदि बनते हैं।

इसके बाद आने वाला बहुलं छन्दसि कहता है कि वेद में शप् को श्लु बहुल करके होता है तो जब शप् का श्लु नहीं होता तो श्लौ से द्वित्व भी नहीं होता और दाति प्रियाणि आदि प्रयोग सिद्ध होते हैं। इस प्रकार लौकिक वैदिक प्रयोग साथ-साथ सिद्ध होते चलते हैं और अनायास सारे शब्दों की सिद्धि हो जाती है।

भगवान् पाणिनि का यह महत् प्रयोजन कौमुदी में आकर उच्छिन्न हो जाता है। वहाँ छात्र को लगता है कि पीछे जो वैदिकी प्रक्रिया में सूत्र दिये हैं वे तो वेद के लिये हैं, उनसे वैदिक शब्द बनेंगे। जो अभी पढ़ रहे हैं, उनसे लौकिक शब्द सिद्ध हो रहे हैं, ऐसा नहीं है। लौकिक शब्द तो वैदिक हैं ही, पर वैदिक शब्द लौकिक नहीं है। जैसे लेट् लकार केवल वैदिक है, लौकिक नहीं। इसका अर्थ यह हुआ कि शेष लकार वैदिक-लौकिक दोनों ही हैं।

अष्टाध्यायी में स्वर के ३२९ सूत्र हैं जो कि लगभग क्रम से ही आये हैं। उन्हें उठाकर जो सिद्धान्त कौमुदी में पीछे स्वर प्रक्रिया में रख दिया गया हैए उससे कुछ विशेष हानि नहीं हो पाती, क्योंकि उनसे अनुवृत्ति क्रम में बहुत बड़ा व्याघात नहीं होता।

इस प्रकार अष्टाध्यायी के समस्त सूत्र वैदिक प्रयोगों की सिद्धि के लिये हैं। उन्हें पृथक् करके लौकिक-वैदिक का विभाग कर देने से ऐसा ग्रुप हो जाता है कि लौकिक व्याकरण पृथक् है। वैदिक पृथक्। इससे हमें मुक्त होना चाहिये। और अष्टाध्यायी जो कि एक मात्र वैदिक व्याकरण है, उससे उभय शब्दों की समकाल में सिद्धि करना चाहिये।

वैदिक ऋषियों की दृष्टि में सत्ता के तीन स्तर हैं- आधिभौतिक, आधिदैविक तथा आध्यात्मिक। ये तीन परस्पर एक-दूसरे में अनुस्यूत हैं। अग्नि का एक भौतिक रूप है, जो चाक्षुष प्रत्यक्ष का विषय बनता है। एक और अग्नि सब प्राणियों के भीतर है। वैदिक ऋषियों ने इसे वैश्वानर अग्नि कहा है। शतपथब्राह्मण में कहा गया है-

अयमग्निर्वैश्वानरः। योऽयमन्तःपरुषे, येनेदमन्नं पच्यते।

(शतपथब्राह्मण, १४.८.१०.१)

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

यह अग्नि मनुष्य की जीवनीशक्ति या ऊर्जा है। अग्नि का एक तीसरा रूप है। यह ब्रह्माग्नि है। यह हमारे चिन्तन का उत्स है। मैत्रायणी संहिता कहती है–"अग्नि ही ऋषि है।" इस तरह ये तीनों अग्नियाँ वैदिकऋषियों की दृष्टि में एक ही तत्त्व के तीन रूप हैं।

इसलिये वैदिक ऋषियों की दृष्टि में ईश्वर हमारे इस भौतिक संसार से अलग और परे कोई सत्ता नहीं है, वह इस जगत् में समाया हुआ है और यहाँ रहकर अपने कर्म से उसे हम पा सकते हैं। वैदिक ऋषियों के इस विश्वास और संकल्प को संस्कृत साहित्य की सुदीर्घ कालावधि में विस्तृत परम्परा बराबर ध्वनित करती आई है।

भारवि किरातार्जुनीय में अर्जुन के तप का वर्णन करते हुए कहते हैं–"व्रत से कृकाय हुआ वह अर्जुन जब नियमाभिषेक के लिये चलता, तो उसके पैरों से दब-दब कर हिमालय धरती में धँसता हुआ लगता।"(किरातार्जुनीय, १२.१०)

संस्कृत के ही नहीं, इतर भाषाओं के भी भारतीय कवि भी वैदिक भावनाओं से अभिप्रेरित होते आये हैं। तुलसीदास नानापुराणनिगमागमसम्मत रचना की ओर प्रवृत्त होते हैं। रवीन्द्रनाथ भावाकुल होकर उर्वशी का अपनी कविता में आह्वान करते हैं, तो उसमें ऋग्वेद के पुरूरवोर्वशीसूक्त के पुरूरवा की करुण पुकार प्रतिध्वनित होती हुई लगती है।

प्रस्तुत संगोष्ठी का लक्ष्य अतीत की ओर लौटना नहीं है। अतीत की समग्रता में व्याख्या और हमारे समय में उसके सातत्य की सम्भावनाओं का विचार यहाँ उद्दिष्ट है। वस्तुतः वैदिक चिन्तन और जीवनदृष्टि ने हमारी साहित्यिक और सांस्कृतिक परम्पराओं को सौन्दर्यबोध, कलासृष्टि और मिथकों के अनेक प्रतिमान और प्रतिदर्श प्रदान किये हैं।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

कालिदास की मन्त्रकविता

हर्षदेव माधव

विक्रमोर्यशीयस्य प्रथमश्लोको भवति - वेदान्तेषु यमाहुरेकषुरुषं व्याप्य स्थितं रोदसीति। वाणी, प्रमाणं, भक्तिः, अष्टाङ्गयोगः, मालामन्त्र इत्यादिसन्दर्भे गम्भीरतया विचार्य अमुं श्लोकं मन्त्रगर्भितं निरूपयति विविधप्रमाणैः।

इस लघु शोधपत्र में विक्रमोर्वशीयम् के नान्दी श्लोक 'वेदान्तेषु' का भक्तियोग, योगशास्त्र, तन्त्रागम, शाक्त-तन्त्र, न्याय आदि शास्त्रों के संदर्भ में एक मान्त्रिक अर्थघटन प्रस्तुत है। इस श्लोक में वाणी की चार भूमिकाएँ, उपासना के त्रिविध मार्ग, प्रमाणों का सन्दर्भ, नवधा भक्ति एवं अष्टांग योग का मार्ग, भग और भगवदी लक्षण, इस श्लोक में निहित मन्त्रों एवं मन्त्रों के संयोजन से प्रसूत मालामन्त्र, दिव्य चेतना के अवतरण की सिद्धि, श्लोक में निहित बीजाक्षरमन्त्र और सृष्टिक्रम की उपासना, अनुभूति के स्तरों की चर्चा दार्शनिक दृष्टि से कालिदास की कविता के रहस्यों का उद्घाटन करती है। तान्त्रिक दृष्टिकोण से कालिदास के ऋषित्व का मर्म यहाँ उद्घाटित है।

महाकवि कालिदास वाक्पति थे। वे व्यंजनाओं के शिखरों को पार करके महाकवित्व को प्राप्त हुए हैं। दूसरी ओर उनकी वाणी में दार्शनिकता होने से पश्यन्ती के दर्शन से ऋषित्व भी उन्होंने प्राप्त किया है। इस तरह ऋषित्व और कवित्व दोनों की अनुभूति होने के कारण उनकी कविता में युगसर्जकता है। यहाँ 'विक्रमोर्वशीय' के प्रथम श्लोक में निहित मन्त्र कविता का अभ्यास प्रस्तुत करने का उपक्रम है।

वेदान्तेषु यमाहुरेकपुरुषं व्याप्य स्थितं रोदसी
यस्मिन्नीश्वर इत्यनन्यविषयः शब्दो यथार्थाक्षरः।
अन्तर्यश्च मुमुक्षुभिर्नियमितप्राणादिभिर्मृग्यते
स स्थाणुः स्थिरभक्तियोगसुलभो निःश्रेयसायास्तु वः॥[१]

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

प्रस्तुत श्लोक में सामान्यतः नान्दी श्लोक होने से शिव की स्तुति है ऐसा विद्वानों ने माना है। इस श्लोक में उपनिषदों में ब्रह्मरूप से निरूपित, आकाश और पृथ्वी में व्याप्त, 'ईश्वर' ऐसे यथार्थ अक्षरवाले, प्राणायाम आदि द्वारा मुमुक्षु लोगों के लिए अन्तःकरण में अनुभूति-योग्य, स्थिर भक्ति से प्राप्त शिव की स्तुति की गई है।

प्रस्तुत श्लोक में निम्नलिखित मन्त्र निहित हैं:-

वेदान्दवेद्याय (वेदान्तगम्याय) नमः।
एक पुरुषाय नमः। रोदसी व्याप्ताय नमः।
ईश्वराय नमः। अंनन्यविषयाय नमः।
अशब्दाय नमः। यथार्थाक्षराय नमः।
अन्तः स्थिताय नमः। मुमुक्षुमृग्याय नमः।
योगिनां गम्याय नमः। स्थाणवे नमः।
स्थिरभक्तियोगसुलभाय नमः।
निःश्रेयोदात्रे नमः।

वाणी के सन्दर्भ में यह श्लोक-

'आहुः' पद से बैखरी वाणी का निर्देश है।
'ईश्वरः' परावाणी का द्योतक है।

'व्याप्य स्थितः रोदसी' - मध्यमा - अन्तरिक्ष में व्याप्त वाणी को सूचित करता है।

'अन्तर्यश्च' से पश्यन्ती वाणी का इंगित होता है।[२]

* आहुः - अभिधा स्तर में व्याप्त वाणी की व्यावहारिक सत्ता को सूचित करता है।

'शब्दो विनाऽप्यक्षरः' मुख्यार्थबाध से लक्षणा का निर्देश करता है।
'अन्तःस्थित' अर्थात् शब्द और अर्थ दोनों में प्रभावक गूढ व्यंजना का संकेत करता है।

'स्थाणु' से शब्द ब्रह्म का सूचन होता है।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

त्रिविध मार्ग का सूचन–

'वेदान्तेषु' शब्द से ज्ञानमार्ग का सूचन होता है।

'मृग्यते' पद द्वारा कर्ममार्ग सूचित होता है।

'स्थिरभक्ति' पद के द्वारा भक्तिमार्ग का स्थापन होता है।

प्रमाण के सन्दर्भ में–

'वेदान्तेषु' द्वारा 'शब्द प्रमाण' से ज्ञानप्राप्ति होती है यह बात सिद्ध होती है। 'ईश्वरः' पद स्वतः प्रमाण अथवा प्रमाणों के द्वारा ज्ञातव्य 'प्रमेय' का निर्देश करता है।

'अन्तर्यश्च' पर योगियों की अनुभूति की ओर संकेत कर के योगियों के द्वारा वर्णित परम तत्त्व शिव ही है ऐसा तात्पर्यार्थ से आप्तप्रमाण के द्वारा ज्ञातव्य शिव ही है यह पक्ष का समर्थन करता है।

'स स्थाणुः' यह पद प्रत्यक्ष शिव का बोधक है।

अतः इस श्लोक में प्रत्यक्ष प्रमाण भी उपस्थित है।

'मृग्यते' पद में अनुमान प्रमाण का सारगर्भ उल्लेख भी निहित है।[३]

भक्ति के संदर्भ में–

वेदान्त में अद्वैत ब्रह्म परमतत्त्व होने से निर्गुण ब्रह्म शिव ही है और 'स्थाणु' के रूप में वे सगुण ब्रह्म हैं ऐसा प्रतिपादन है।

वेदान्त को समझने वाले जिज्ञासु भक्त, ईश्वर के रूप में शिव के उपासक आर्त, अन्तस्तत्त्व–आत्मा–के रूप में शिवत्व का अनुभव करने वाले ज्ञानी और विविध आकांक्षाओं से स्थिर भक्ति करने वाले, इच्छित प्राप्ति से भक्ति द्वारा शिव को सुलभ मानने वाले अर्थार्थी भक्तों का उपास्य तत्त्व शिव है ऐसा तात्पर्य है।

अष्टांग योग के संदर्भ में–

स्थिरभक्तियोग – यम, नियम

स्थाणु – आसन

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

प्राणादिभिः - प्राणायाम

अनन्यविषयः - धारणा, प्रत्याहार

व्याप्य स्थितं रोदसी - आज्ञाचक्र में ध्यान का सूचन

निःश्रेयसाय अन्तःस्थितम् - समाधि

इस तरह अष्टांग योग से शिव की उपासना एवं अनुभूति का तात्पर्य है।

नवधा भक्ति का संदर्भ–

'वेदान्त' - उपनिषद् - श्रुति है - श्रवण

ईश्वर - स्वामी, दास्यभक्ति

मुमुक्षिभिः मृग्यते - स्मरण, मनन से सतत सामीप्य की अनुभूति

अनन्यविषयः - अनन्यभाव से शरणागति

एकपुरुषः - सर्वात्मभाव से चिंतन, स्मरण

भक्तियोग - कीर्तन, पादसेवन

स्थाणु - पूजन, वंदन

सुलभ - सख्य[४]

शिव ईश्वर है, अनन्य है, मोक्ष देने के लिए समर्थ है।

इस श्लोक में गुणमाहात्म्यासक्ति, रूपासक्ति, पूजासक्ति, स्मरणासक्ति, दास्यासक्ति, वात्सल्यासक्ति, तन्मयासक्ति, रूपभक्ति - इस तरह भक्ति के विविध स्वरूपों का भी संकेत है।

भक्ति के तीन प्रयोजन होते हैं। परमतत्त्व की प्राप्ति सात्त्विक है। यश, ऐश्वर्य और इष्टप्राप्ति राजस है। दम्भ, आडम्बर, मात्सर्य के लिए होती है वह भक्ति तामस है। प्रस्तुत श्लोक में वेदनिर्दिष्ट, वेदान्तगोचर, योगगम्य, ज्ञानमार्गी सात्त्विक भक्ति व्यंग्य है।

भग के संदर्भ में–

भगवान में ६ भग होते हैं। जिसके पास ६ भग होते हैं वह ही भगवान है।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

'ईश्वर' शब्द से ऐश्वर्य सूचित है।

वेदान्तश्रवण - ज्ञान और वैराग्य का बोधक है।

योगिओं का मुमुक्षुत्व - ज्ञान, वैराग्य और धर्म के सूचक हैं।

स्थिर भक्ति का निर्देश शिवोपासना में निहित धर्म कीर्ति, श्री और ऐश्वर्य की प्राप्ति का बोधक है।

भगवदी लक्षण–

भक्त के लक्षणों के सन्दर्भ में 'वेदान्त मार्ग' से सत्य, अपरिग्रह, गर्वरहितता, मनोनिग्रह, निस्पृहता, निर्मोहिता, मननशीलता, निर्विकारता, सम्यक्ज्ञानिता आते हैं। 'ईश्वर' पद से उसके उपासक में हरिभजनपरायणता, प्रभु–शरण की तत्परता, दयालुता का विकास करने की वृत्ति होती है।

योगियों के द्वारा उपास्य शिव के निर्देश के द्वारा इन्द्रिय - जय, निर्विकारिता, सम्यक्ज्ञान, षड्रिपुजय, तपस्वित्व, निष्कंपता, मननशीलता का बोध होता है।

'स्थिर भक्ति' के उल्लेख से अद्रोह, दयालुता, धर्मदृढ़ता, दृढाश्रय, परकल्याणवृत्ति का सूचन होता है। इस तरह तीस भगवदीलक्षण के संदर्भ में यह श्लोक ऐसे लक्षणों का चिंतन करना एवं स्वयं में उनका विकास करना सूचित करता है।[५]

मालामन्त्रः–

इस श्लोक में निम्नलिखित मालामन्त्र सूचित है– ऊँ वेदान्तवेद्याय एकपुरुषाय ईश्वराय अनन्यविषयाय अन्तःस्थिताय मुमुक्षुमृग्याय योगीश्वराय स्थाणवे स्थिर भक्तियोगसुलभाय शिवाय नमः।

श्लोक का व्यापः–

रोदसी - आकाश और पृथ्वी

ईश्वर - सर्वत्र व्यापक, त्रण भुवनों में व्याप्त

प्राणादिभिः - वायुतत्त्व

अन्तर्यश्च - दहराकाश में व्याप्त परमतत्त्व

स्थिरभक्तियोगसुलभः - अन्तर्यामी, सर्वत्र अनुभूतिगम्य

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

इस रूपक के भरतवाक्य में श्री और सरस्वती का मिलाप सज्जनों का भूति देने वाला है। ऐसा कथन है–

परस्पर विरोधिन्यरेकसंश्रयदुर्लभम्।
सङ्गतं श्री सरस्वत्योर्भूतयेऽस्तु सदा सताम्।।[६]

'नान्दी' में 'निःश्रेयस्' की प्रार्थनार के बाद भरत वाक्य में श्री सरस्वती एवं भूति की कामना से तान्त्रिक अर्थघटन अनुसार यहाँ सृष्टिक्रम से आराधना हुई है। सृष्टिक्रम में मोक्ष से भोग की ओर यात्रा होती है। भरतवाक्य में श्री और सरस्वती का उल्लेख सूचित करता है कि इसमें कहीं महाकाली निहित होनी चाहिए। अतः नान्दी श्लोक में 'स्थाणु' अर्थात् स्थिर काल अर्थात् महाकाल का अर्थ मुझे अभिप्रेत लगता है। सृष्टि की उत्पत्ति के पहले कालतत्त्व स्थिर होता है– यही निःसमय की स्थिति 'स्थाणु' पद से महाकाल को सूचित करती है। 'स्थिरभक्ति' अर्थात् काली के योग से शिव सुलभ हो सकते हैं अन्यथा वह 'शववत्' होने से 'स्थाणु' ही है। इस तरह स्थिर भक्ति रूप काली से सेवित 'ईश्वर' महाकाल ही निःश्रेयस् देते हैं। ऐसा अर्थग्रहण होने से महाकाली, महालक्ष्मी और महासरस्वती का त्रिकोण पूर्ण बनता है। स्थिर भक्ति रूप काली के संयोग वाले शिव सामरस्य एवं निःश्रेयस् दे सकते हैं। 'ईश्वर' का 'ई' महाकाल के साथ संयुक्त होने से 'महाकाली' भी यहाँ गूढ़ रूप से सूचित है।



इस तरह 'निःश्रेयस्' का एक स्वरूप-दिव्य चेतना–'उर्वशी' – का अवतरण यहाँ महामाया के द्वारा श्री और सरस्वती से भूति–भोग–दायक है यह तात्पर्य है। ईश्वर का 'ई' तन्त्रशास्त्र की कामकला है।

श्लोक का छन्द एवं मन्त्र

यह श्लोक मन्दाकान्ता छन्द में है। अतः १७ x ४ = ६८ अक्षर होते हैं। पुनः ८ + ६ = १४ होता है। चतुर्दशी शिव की रात्रि है। पुनः १+४=५ से शिव

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

पञ्चाक्षरी मन्त्र है। इस श्लोक में सत्रह अक्षर वाले दो मन्त्र गर्भित हैं ऐसा मुझे प्रतीत होता है।

एकपुरुष = तत्पुरुष

(१) तत्पुरूषायेश्वरायान्तःस्थिताय स्थाणवे नमः

(२) एकपुरुष = ब्रह्म

परंब्रह्मणेश्वरायान्तःस्थिताय स्थाणवे नमः।

'ल्हीं' बीजमन्त्र–

'रोदसी' अर्थात् आकाश एवं पृथ्वी। आकाश का 'ह' बीज है, पृथ्वी का 'ल' बीज है। रोदसी में 'र' निहित है। ईश्वर का 'ई' बीज एवं एकपुरुष का 'म' परमात्मबीज को जोड़ने से 'ल्हीं' बीज होता है।

वेद = ऊँ, ईश्वर = ई, स्थाणु = व, आकाश = आ, वियत् (आकाश) का श बीज, भक्ति = नमः प्राण-य बीज इस तरह श्लोक से वर्णमाला के बीजमन्त्रों का उद्धार करने से 'ऊँ नमः शिवाय' मन्त्र हो सकता है।[७]

श्रीयन्त्र के संदर्भ में–

एक पुरुष = १, रोदसी = २ ईश्वर = १

इस तरह चार शिव त्रिकोण सूचित है।

'प्राण' से पाँच शक्ति त्रिकोण सूचित है।

वेदान्त = १०५ उपनिषद् १ + ८ = ९ भी

श्रीयन्त्र के त्रिकोण का सूचक है।

अन्तर्यश्व में अन्तर्याग सूचित है।

स्थिरभक्ति = पराम्बा और सुलभ शब्द 'स्थाणु' शिव के साथ पराशक्ति का सामरस्य सूचित करता है।

एकपुरुषम् – श्रीयन्त्र के मध्य त्रिकोण में बिन्दु का इंगित है। कालिदास की मन्त्रकविता का यह गर्भितार्थ है।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection





श्लोक को उलटे क्रम से पढ़ने से अनुभूति के सोपानों का ज्ञान होता है।

इस तरह कालिदास की कविता केवल कविता नहीं है, उसमें ऋषित्व की सहज, नैसर्गिक दार्शनिकता भी है। यह आध्यात्मिक तान्त्रिक दृष्टि से एक निदर्शन ही है।

---

१. विक्रमोर्वशीयम् १-१ कालिदास ग्रंथावली, उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ, षष्ठ, विक्रम संवत् २०६३
२. चूनीभाई भट्ट 'पराम्बा विलास' सूरत, १९९६ : प्रकरण-२२ पृ. १३६-१४०
३. रतिभाई नायक 'वस्तु संख्याकोश' पार्श्व पब्लिकेशन, १९९१ : पृ. १४८
४. वही : पृ. १५५
५. वही, पृ. १५६
६. विक्रमोर्वशीयम् पृ. २८
७. पराम्बाविलास, पृ. ८८ - १२२ और श्रीश्रीतन्त्राभिधानम् कोलकता, १९१३

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

वैदिक विश्वदृष्टि और आधुनिक विज्ञान : नान्यः पन्थाः विद्यतेऽयनाय

सच्चिदानन्द मिश्र

"सर्वं खल्विदं ब्रह्म, नेह नानास्ति किञ्चन" इत्यादिभिः वैदिकसूक्तिभिः वैदिकविश्वदृष्टेराधुनिक-विज्ञानस्य च मध्ये सामञ्जस्यं निरूपयन्, विज्ञानं केवलं सूचनां प्रयच्छति, दर्शनं हि प्रज्ञाप्रदातृ इति विलड्यूराँ वर्यस्य मतमुपस्थापयन्, दर्शनादृतेऽपूर्णं हि विज्ञानं, विज्ञानस्य पूर्णत्वप्रदातृ दर्शनं तावद् औपनिषदं वैदिकं दर्शनमेवेति तर्केण प्रतिष्ठापयत्यस्मिन् लेखे प्रबन्धा।

ज्ञान के मूल में जिज्ञासा और जिज्ञासा के मूल में कुछ एक असमाहित प्रश्न अन्तर्निहित होते हैं। ज्ञान की कोई भी धारा उसकी अपवाद नहीं है। जब से मुनष्य जाति ने इस आश्चर्यजनक अद्‌भुत संसार में पदार्पण किया है तब से ही कुछेक जिज्ञासुओं, कुछेक प्रश्नों की तरंगे उसके मस्तिष्क में उठती रही हैं और उनका समाधान ढूंढने के लिए मनुष्य जाति का प्रयास आज भी जारी है। ये प्रश्न मूलतः सृष्टिरचना से सम्बन्धित हैं। हम कौन हैं? यह ब्रह्माण्ड क्या है? कैसे उत्पन्न हुआ है? किसने इस विषय को बनाया और क्यों बनाया? यही वे मूलभूत प्रश्न हैं जिनका समाधान ढूंढने का प्रयास कर रहे हैं। इस प्रकार वैदिक विश्वदृष्टि और भौतिक विज्ञान दोनों के मूल में छुपे प्रश्न प्रायशः एक जैसे ही हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि दोनों के द्वारा दिये गये समाधानों में क्या कोई विरोध है या नहीं, दोनों के द्वारा जो उत्तर प्रस्तुत किया जाता है इन प्रश्नों का आपस में कहीं-कहीं विरोध प्रतीत होता है किन्तु वस्तुतः उनमें कोई भी विरोध नहीं है। **डॉ० राधाकृष्णन** ने कहा है ''अपने वैज्ञानिक स्वरूप में जो सिद्धान्त अधिक क्रान्तिकारी प्रतीत होते हैं, जैसे कि जीवशास्त्र सम्बन्धी विकासवाद का सिद्धान्त एवं भौतिक जगत में सापेक्षिकता का सिद्धान्त। उन्होंने सर्वसम्मत

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

दार्शिनिक सिद्धान्त एवं भौतिक जगत् में सापेक्षिकता का प्रत्याख्यान करने के स्थान पर नवीन क्षेत्र में उनका समर्थन ही किया है।'' (भारतीय दर्शन १ पृ०-४३)

जैसा कि **विलड्यूराँ** ने द स्टोरी ऑफ फिलॉसफी में प्रतिपादित किया है कि दर्शन अपने स्वरूप में इन पाँच चीजों को अन्तर्भूत करता है तर्क, सौन्दर्यशास्त्र, नीति, राजनीति और तत्त्वमीमांसा (पृ० २७१ XXVII)। वैदिक विश्वदृष्टि भी इन पाँचों को अन्तर्भूत करती है। यहाँ पर मूलतः तत्त्वमीमांसा को विवेचित करना है। उपर्युक्त प्रश्नों का समाधान ढूंढने के लिए वैदिक ऋषियों के पास न तो आज जैसे साधन व सुविधाएँ थीं और न तो उन्हें उन साधनों और सुविधाओं की अपेक्षा ही थी। उपलब्ध साधनों में भी अनेक साधनों की अनुपयुक्तता का भान उन्हें हो गया था और इसलिए उन्होंने तर्क की अप्रतिष्ठा बतलायी। आत्मा के ज्ञान के लिए जिन साधनों का सुझाव उन्होंने दिया है वह प्रशंसनीय है। जब वैदिक ऋषि कहते हैं कि **''आत्मा वाऽरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यः''** तो उनकी अप्रतिम अचूक मेधा ही इन पंक्तियों में अभिव्यक्ति होती है। तत्त्वज्ञान की प्राप्ति तर्क से नहीं हो सकती है उसके लिए दर्शन, श्रवण, मनन और निदिध्यासन की आवश्यकता होती है, यही रहस्य उक्त पंक्ति में उद्घाटित है। इन्हीं साधनों से वैदिक ऋषियों ने विश्व का तात्त्विक ज्ञान प्राप्त किया।

भारतीय दर्शन जो कि अनेक सम्प्रदायों में विभक्त है और कम से कम आस्तिक दर्शनों के आचार्य तो अपने सम्प्रदाय को वेदसम्मत बताते हैं और तदनुरूप उद्धरण भी प्रस्तुत करते हैं। वस्तुतः सभी भारतीय दर्शन के सम्प्रदायों के मूलभूत सूत्र वेदों में छुपे हुए हैं। इसलिए वैदिक विश्व दृष्टि एक न होकर अनेक है। कहीं पर 'पतनशील क्रियाशील परमाणुओं के द्वारा विश्वतश्चक्षु, विश्वतोमुख, विश्वतो बाहु और विश्वतस्पात् ईश्वर द्यावापृथिवी को उन्तन्न करता है।' (ऋग्वेद १०.८१.३) ऐसा वर्णन मिलता है तो कहीं पर प्रकृति से समस्त सृष्टि की उत्पत्ति का वर्णन प्राप्त होता है (श्वेताश्वर उपनिषत् ४-५), कहीं पर असत् से सत् की उत्पत्ति हुई है (तैत्तिरीय २-७) ऐसा विवेचन मिलता है, तो कहीं पर एक अनन्त ब्रह्म सत् स्वरूप से सृष्टि की उत्पत्ति का विवेचन उपलब्ध होता है (छान्दोग्य) किन्तु जिस पक्ष पर वैदिक दृष्टि आग्रही दिखती है वह दृष्टि। है अनेक में एक की, अनेक देवताओं में एक देववाद की दृष्टि, इस ब्रह्माण्ड में व्याप्त अनेकता के बीच में एक सतत् अपरिवर्तित एकता की दृष्टि। उस तत्त्व को वैदिक ऋषियों ने नाम दिया ब्रह्म। जो कि सत् है, ज्ञान है, अनन्त

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

है और आनन्द है। यह ब्रह्म सम्बन्धी अवधारणा उपनिषदों में परिपोषित और पल्लवित हुई।

उपर्युक्त प्रश्नों का उत्तर देते हुए वैदिक ऋषियों ने समाधान दिया है कि सब कुछ वह ब्रह्म ही है **'सर्वं खल्विदं ब्रह्म'** उससे भिन्न दूसरी वस्तु नहीं है **'नेह नानास्ति किञ्चन'** वह ब्रह्म ही है जिससे कि यह समस्त संसार उत्पन्न होता है, जिसमें निवास करता है और जिसमें लीन हो जाता है। वह अपने आपको ही स्वयं संसार के रूप में करता है। किसी दूसरे कर्त्ता की जरूरत नहीं है। वह स्वयं ही कर्त्ता है स्वयं ही उपादान है, स्वयं ही निमित्त है। वही एक तत्त्व ब्रह्म सत् और असत् दोनों की योनि है। वैदिक ऋषि अपनी भाषा में उन्हीं प्रश्नों को उपस्थित करते हैं 'वह कौन सा वन था, वह कौन सा वृक्ष था जहाँ द्युलोक और पृथ्वीलोक आश्रित हैं,'' मनीषी मन से पूछें, वह कौन है जो भुवनों को धारण करता हुआ स्थित है' (ऋग्वेद १०.८१.४) 'वह कौन सा अधिष्ठान था, कौन सा आरम्भण था, कब हुआ जिससे विश्वकर्मा विश्वतक्षा भूमि हो उत्पन्न करते हैं (१०.८१.२)। 'कौन इस भुवन की नाभि को जानता है?, कौन द्युलोक, पृथ्वी और अन्तरिक्ष को जानता है? कौन बृहत् सूर्य के जनित्र को जानता है और चन्द्रमा कहां से उत्पन्न हुआ इसे कौन जानता है,'' (यजुर्वेद ११.६५.२३.५९)। स्वयं उत्तर देते हैं कि 'ब्रह्म ही वह वन था, वह वृक्ष था जिससे द्यावा और पृथ्वी उत्पन्न हुए हैं, मनीषियों मन से कहता हूँ ब्रह्म ही भुवनों का धारण करता हुआ अवस्थित था' (तै० ब्रा० २-८-९-९)। **अथर्ववेद**, में ऋषि कहते हैं 'जो चलता है, गिरता है, स्थित होता है? श्वास लेता है नहीं लेता है, पलक झपकता है और नहीं झपकाता है उसी विश्व रूप ने पृथ्वी को धारण किया है और वह मिलजुल कर एक ही रूप होता है' (अथर्ववेद १०-८-११)। वह वैज्ञानिक दृष्टि ही है जिसके कारण एक तत्त्व को ढूंढने और ज्ञात करने में ऋषि प्रयत्नशील दिखते हैं।

अनेक स्थलों में वैदिक ऋषि संधयापन्न दिखायी पड़ते हैं। लगता है वे सन्देह में हैं, किन्तु वस्तुतः ऐसा नहीं है। यह उस तत्त्व की दुर्बोधता का ही निदर्शन है जो कि वाणी से परे है, मन से भी अगम्य है। उस तत्त्व के विषय में केनोपनिषद् में बहुत मनोहर कथन है 'वह तत्त्व जानने वालों को अविज्ञात है और न जानने वालों को विज्ञात है' **'अविज्ञातं विजानतां। विज्ञातमविजानताम्** २-३'। इसीलिए अनेकत्र उस परमतत्त्व के विषय में सन्देह भी वैदिक ऋषियों के द्वारा समुपस्थापित किया गया है, क्योंकि सम्पूर्णता में उस परमतत्त्व को जानना दुष्कर है। इसीलिए बार-बार ऋषियों को रूपकों से काम लेना पड़ता है। अपने

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

ज्ञान की सीमितता उजागर करनी पड़ती है। किन्तु यह उनका अज्ञान नहीं है। एक जगह सुस्पष्ट शब्दों में ऋषि कहता है कि 'मैं इस भुवन की नाभि को जानता हूँ, मैं द्यावापृथ्वी और अन्तरिक्ष को जानता हूँ, बृहत् सूर्य के जनित्र को जानता हूँ और चन्द्रमा जहाँ से उत्पन्न हुआ है यह भी जानता हूँ (यजुर्वेद ११-६५-२३-६०)

आज आधुनिक विज्ञान भी वैदिक ऋषियों सी विनम्रता और अपनी अज्ञानता प्रदर्शित और स्वीकार करता हमारे सामने उपस्थित है। क्योंकि वह अपने लक्ष्य में असफल सिद्ध हुआ है। इसका लक्ष्य था सम्पूर्ण विश्व को व्याख्यायित करने के लिए एक नियम उपलब्ध कराना, किन्तु आधुनिक विज्ञान इस स्थिति में कैसे पहुँचा है और कहाँ से चलकर पहुँचा है, यह जानना बहुत ही मनोरंजक है। ३४० ई०पू० ग्रीक दार्शनिक **अरिस्तातिल** ने अपनी पुस्तक 'ऑन द हीवेन्स' में भूकेन्द्रित विश्व का सिद्धान्त प्रतिपादित किया तथा **टालेमी** ने ईसा की द्वितीय शताब्दी में इस सिद्धान्त को परिष्कृत किया। यह सिद्धान्त बिना किसी प्रमाण और प्रयोग से पुष्ट हुए बेरोकटोक सोलहवीं शताब्दी की शुरुआत तक चलता रहा। सोलहवीं शताब्दी में **निकोलस कोपरनिकस** ने सूर्य केन्द्रित विश्व का सिद्धांत प्रतिपादित किया किन्तु वस्तुतः यह सिद्धांत न होकर एक धारणा थी, क्योंकि इसके पक्ष में तर्कों का प्रस्तुतीकरण नहीं था। लगभग सौ साल बीतते-बीतते यह धारणा गम्भीरता से ली गयी जब जर्मन खगोलविद **जोहान्स केप्लर** और **गैलीलियो गैलिली** ने इस धारणा को अपने परीक्षणों और प्रयोगों के आधार पर समर्थित किया। इस प्रकार ईस्वी सन् १६०९ में भूकेन्द्रित विश्व का सिद्धांत निरस्त हुआ तथा **गैलीलियो** के द्वारा विज्ञान को नयी दिशा प्रदान की गयी। वह नयी दिशा थी प्रयोगों और प्रमाणों द्वारा पुष्टि की दिशा। इसी सत्रहवीं शताब्दी में ही **आइजाक न्यूटन** द्वारा गुरुत्वाकर्षण के नियमों और सिद्धांतों का प्रतिपादन किया गया। यही से एक नये विज्ञान का जन्म हुआ जिसके परिशोधन से आज का आधुनिक विज्ञान जन्म लेता है। गैलीलियो के द्वारा विज्ञान को जो नयी दिशा दी गयी थी उसमें प्रयोगों-परीक्षणों और प्रमाणों द्वारा पुष्टि आवश्यक थी, उसी की अगली कड़ी के रूप में न्यूटन की अवधारणाएँ प्रतिपादित की ग़यीं। न्यूटन से लेकर उन्नीसवीं सदी के अन्त तक का काल शास्त्रीय भौतिकी का काल माना जाता है। शास्त्रीय भौतिकी की जो मूलभूत धारणा थी वह यह कि यह सम्पूर्ण जगत् पूर्णतया अवधार्य है। उन्नीसवीं शताब्दी के शुरूआत में फ्रेंच वैज्ञानिक **मार्किस डी लाप्लास** (Marquis-de-Laplace) ने सुझाव दिया कि इस संसार में कुछ वैज्ञानिक नियमों का वर्ग होगा जो कि इस संसार में होने वाली समस्त

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

भौतिक घटनाओं की भविष्यवाणी करने में हमारी मदद करेगा। भौतिकी के नियमों और सिद्धांतों की सफलता बहुत कुछ इस धारणा पर आधारित थी।

भौतिकी के विषय में यह ज्ञातव्य है कि भौतिकी का कोई भी सिद्धान्त तभी सही माना जाता है, यदि वह दो जरूरतों को पूरा करे। प्रथमतः यदि वह सिद्धांत एक बड़े पैमाने पर किये गये परीक्षणों और प्रयोगों की पूर्णतया व्याख्या करने में सफल हो और द्वितीयतः यदि वह सिद्धान्त ठीक-ठीक भविष्याकलन करने में सक्षम हो। इस कारण भौतिकी के सभी सिद्धांत हमेशा के लिए परिभाषित नहीं किये जा सकते हैं। जो कुछ हम किसी भी सिद्धांत की परिभाषा के स्थान में देते हैं वह एक कथन मात्र ही होता है। क्योंकि किसी भी सिद्धांत को सही माने जाने के लिए उसकी संगति बड़े पैमाने पर होनी आवश्यक है, किन्तु उसे गलत साबित करने के लिए सिर्फ एक जगह ही विसंगति होनी काफी है। इस प्रकार भौतिकी का कोई भी सिद्धांत एक परिकल्पना मात्र होता है जो कि कभी भी गलत सिद्ध हो सकता है। इसलिए भैतिकीविद् **स्टीफेन हाकिंग** कहते हैं 'कोई भी भौतिकी का सिद्धान्त इस विचार से हमेशा अस्थायी होता है क्योंकि वह एक परिकल्पना मात्र है, आप इसे कभी भी प्रमाणित नहीं कर सकते हैं। (अ ब्रीफ हिस्ट्री ऑफ टाइम पृ॰ ११)

पहले यह माना जाता था कि प्रकाश सतत रूप से चलता है, तरंगों में चलता है। किन्तु सन् १९०० में **मैक्स प्लैंक** को कुछ परीक्षणों के दौरान इस मान्यता से असुविधा हो रही थी। वे प्रकाश के असमान वितरण की समस्या समाहित नहीं कर पा रहे थे। प्रकाश तरंगों के रूप में यदि चलता है तो उसे समान रूप में वितरित होना चाहिए। इस प्रकार प्रकाश को तरंगों के रूप में चलने की धारणा को स्वीकारने पर इस असमान वितरण की व्याख्या संभव नहीं हो रही थी, प्लैंक ने सोचा कि प्रकाश शायद क्वांटम में बण्डलों में चलता है और इस प्रकार उक्त समस्या को समाहित करने में कामयाब रहे। इसके बाद **आईस्टाइन** ने भी इसे पुष्ट किया।

न्यूटन के गुरुत्वाकर्षण सिद्धांत (Theory of Gravity) के साथ भी यही तो हुआ, गुरुत्वाकर्षण के सिद्धान्तों के अनुसार ग्रहों की गति आदि की समुचित व व्यवस्थित व्याख्या तथा भविष्याकलन हो रहा था, किन्तु बहुत सही-सही निरीक्षण करने पर बुध के विषय में यह अनुभव हुआ कि जैसा न्यूटनीय सिद्धान्त के आधार पर उसकी गति व स्थिति का भविष्याकलन किया जाता है, उससे थोड़ा सा अन्तर दृष्टि में आता है। इस प्रकार न्यूटनीय सिद्धान्त का परित्याग करना पड़ा और आईस्टाइन के सापेक्षिकता सिद्धान्त (Theory of Relativity) को

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

स्वीकारना पड़ा। **आईस्टाइन** के भविष्याकलन बाद में निरीक्षण से संगत सिद्ध हुए और न्यूटन के नहीं, सो आईस्टाइन के सिद्धांत या परिकल्पना की पुष्टि हुई। बुध जो कि सूर्य का निकटतम ग्रह है, सूर्य के सबसे ज्यादा गुरुत्वाकर्षण को अनुभव करता है और उसका एक दीर्ववृत्तीय अनूठा परिपथ है। यह रहस्य सा था, आईस्टाइन ने इसकी व्याख्या की कि बुध के वृत्तीय परिधि का केन्द्र घूमता हुआ हो सकता है जिसकी दर एक डिग्री दस हजार वर्षों में है। यह प्रभाव अभी थोड़ा है, किन्तु सन् १९१५ में यह ध्यान में आया। इससे भी आईस्टाइन का सापेक्षिकता सिद्धांत पुष्ट हुआ।

आईस्टाइन के सापेक्षिकता सिद्धांत ने भौतिकी के क्षेत्र में कई प्रचलित मान्यताओं को उलट-पलट दिया। समय को इसके पूर्व में दिक् (Space) से अलग और निरपेक्ष माना जाता था, किन्तु आईस्टाइन ने सापेक्षिकता सिद्धांत के द्वारा यह बताया कि काल भी दिक् का ही एक आयाम है। हर व्यक्ति का अपना अलग-अलग काल का मापन होता है। आईस्टाइन के सापेक्षिकता सिद्धांत के मूल में यह बात है कि विज्ञान के नियम किसी भी स्वतन्त्र द्रष्टा के लिए समान हैं, भले ही द्रष्टा की गति कुछ भी हो। कोई भी द्रष्टा प्रकाश की गति को एक समान ही अनुभव करता है। इस एक साधारण सी धारणा ने अनेक सिद्धांतों को जन्म दिया। इसी धारणा ने यह भी सिद्धान्तित किया कि कुछ भी प्रकाश की गति से ज्यादा तेज नहीं चल सकता है। इस धारणा से ही आईस्टाइन का प्रसिद्ध समीकरण $E=MC^2$ जन्म लेता है। E का अर्थ है ऊर्जा, M का अर्थ है मॉस-संहति), C का अर्थ है प्रकाश की गति। मॉस संहति को हम मोटे तौर पर भार ही मानते हैं, किन्तु भार और संहति में फर्क है। किसी वस्तु पर पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण के कारण पड़ने वाले खिचाव को उसका भार कहा जाता है जो कि स्थान-स्थान पर गुरुत्वाकर्षण में परिवर्तन की वजह से बदलता रहता है। जैसे भूमध्यरेखा पर किसी वस्तु का जो भार होता है वही भार ध्रुवों पर नहीं होगा, उससे ज्यादा होगा क्योंकि ध्रुवों पर गुरुत्वाकर्षण ज्यादा होता है। संहति किसी पदार्थ द्वारा गति परिवर्तन के प्रति प्रतिरोध को कहते हैं। धारणा यह है कि जो वस्तु जितनी तेजी से चलती है उस वस्तु में गति परिवर्तन के प्रति उतना ही प्रतिरोध बढ़ता है। इस प्रकार वेग से वस्तु की संहति बढ़ती है। जैसे यदि कोई वस्तु प्रकाश की गति के दस प्रतिशत गति से चले तो उस की संहति सामान्य से .५ प्रतिशत ज्यादा होगी, यदि कोई वस्तु प्रकाश की गति के ९० प्रतिशत गति से चले तो उसकी संहति उसकी सामान्य संहति से दो गुनी हो जायेगी। इसी प्रकार कोई वस्तु जब गति करती है तो उसी लम्बाई में कमी आती है। इस तरह

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

यदि कोई वस्तु प्रकाश की गति से चले तो उसकी संहति अपरिमित होगी और लम्बाई काल्पनिक। इसीलिए कोई वस्तु प्रकाश की गति से नहीं चल सकती है। सापेक्षिकता सिद्धान्त के अनुसार आईस्टाइन ने कहा है कि वस्तु की संहति वेगानुसार परिवर्तित होती रहती है, शास्त्रीय भौतिकी में उसे अपरिवर्तनीय माना जाता है। ग्रहों आदि की गति के विषय में आईस्टाइन का कथन तो बड़ा मौलिक, अनूठा और आश्चर्यजनक है। ये ग्रह गोलाकार या वृत्ताकार नहीं चलते बल्कि वे सीधे रास्ते से एक वक्र दिक् में चलते हैं। जैसे यदि हम गेंद पर सीधी रेखा खींचने का प्रयास करें तो वह वक्र हो जायेगी, गोल हो जायेगी। उसी प्रकार दिक् की वक्रता की वजह से इन सभी ग्रहों का परिक्रमापथ वक्र है, वृत्ताकार है। दिक् की वक्रता का आशय है कि प्रकाश दूर तक सीधे रास्ते पर दिक् में नहीं चल सकता है। इसका निहितार्थ यह भी है कि गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र का प्रभाव केवल ग्रहों आदि पर ही नहीं होता है बल्कि प्रकाश पर भी हुआ करता है। जो कि न्यूटनीय भौतिकी तक नहीं माना जाता था। इस मायने में आईस्टाइन की सापेक्षिकता की अवधारणा न्यूटनीय अवधारणा का ही विस्तार है। सापेक्षिकता में दिक्काल पृथ्वी के सतह के समान ही हैं, अन्तर बस इतना है कि पृथ्वी की सतह द्विआयामी है और दिक्काल के चार आयाम हैं। इसको इस तरह से समझा जा सकता है कि पृथ्वी पर किसी स्थल के विषय में बतलाने के लिए आपको सिर्फ दो चीजों की आवश्यकता होती है। अक्षांश रेखा और देशांतर रेखा के द्वारा किसी वस्तु की विशेष स्थल में स्थिति आप बता सकते हैं। किन्तु अन्तरिक्ष में अवस्थित किसी वस्तु, ग्रह, तारे आदि की स्थिति बताने के लिए आपको तीन चीजों की जरूरत पड़ती है। जैसे कमरे में फर्श से ऊपर अन्तरिक्ष में स्थित किसी वस्तु की स्थिति बताने के लिए तीन चीजों का वर्णन आवश्यक होगा, यथा–चार फुट एक दीवार से, तीन फुट दूसरी से और दो फुट जमीन से ऊपर। इसमें एक समय का आयाम और जोड़ दिया है। इस तरह इस चार आयाम वाले वक्रदिक् काल में प्रकाश भी वक्र चलता है। इस धारणा का निष्कर्ष यह भी है कि जो ब्रह्माण्ड हमें आज दिख रहा है यह ब्रह्माण्ड आज ऐसा है नहीं, क्योंकि बहुत सी आकाशगंगाओं और तारों से प्रकाश हमतक पहुँचने में ही हजारों वर्ष लग जाते हैं। ऐसी स्थिति में वे हमें आज जैसे दिखते हैं, वे ऐसे हजारों वर्ष पहले थे। आज वे यदि नष्ट हो जायें तो, हमें यह एक हजार वर्षों के बाद ज्ञान हो सकेगा।

किन्तु इस सापेक्षिक अवधारणा की समस्या यह है कि यह बिगबैंग की अवस्था में खुद अपने ही पतन की घोषणा कर देती है। सन् १९२९ में खगोल वैज्ञानिक **हबले** ने अपने सूक्ष्म निरीक्षण के आधार पर प्रतिपादित किया कि यह ब्रह्माण्ड फैल रहा है। आकाश गंगायें एक दूसरे से अत्यन्त तीव्र गति से विसर्पित

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

हो रही हैं, उनके बीच की दूरियाँ अत्यन्त तीव्र गति से बढ़ रहीं हैं। हबले के पूर्व ही रूसी वैज्ञानिक **अलेक्जेंडर फ्रींडमान** ने सन् १९२२ में ही सापेक्षिकता सिद्धान्त पर आधारित अपने आकलन से विश्व की सतत विस्तारित अवस्था की घोषणा कर दी थी, हबले के द्वारा उसकी पुष्टि कर दी गयी। सापेक्षिकता सिद्धान्त के अनुसार यदि यह विश्व अभी विस्तारित हो रहा है तो निश्चित रूप से इसके सापेक्ष पूर्व में अत्यन्त सम्पीडित, संकुचित अवस्था में रहा होगा। इस प्रकार स्थिति यह आती है कि यदि सापेक्षिकता की अवधारणा सही है तो कोई एक विशिष्ट अवस्था एक बिगबैंग अवश्य होना चाहिए, जिससे कि विश्व का विस्तारण प्रारम्भ हुआ है। इसके साथ यह भी इसके सापेक्ष निष्कर्ष निकलता है कि विश्व के अत्यन्त विस्तारण के उपरान्त उसके संकुचन की अवस्था भी होगी और संकुचन के क्रम में संकुचित विश्व पुनः एक विशिष्ट अवस्था को प्राप्त कर लेगा ऐसा भौतिकी **विद् बिंगक्रंच** कहते हैं। इस प्रकार यह सापेक्षिकता की अवधारणा इन दोनों ही अवस्थाओं में अपने सहित भौतिकी के समस्त नियमों के पतन की घोषणा कर देती है। इसलिए यह अवधारणा अपने आप में अधूरी है। इसी कारण यह नियम यह नहीं बता सकता है कि यह ब्रह्माण्ड कैसे प्रारम्भ हुआ? यह अवधारणा यह तो बता सकती है कि विश्व इस समय कैसे चल रहा है। यह भी बताती है कि यह ब्रह्माण्ड कैसे शुरू हुआ और इसका कैसे अन्त होगा? इसीलिए **स्टीफेन हाकिन्ग** कहते हैं कि 'एक विशिष्ट अवस्था में सामान्य सापेक्षिकता और सभी अन्य भी भौतिकी के नियम टूट जाते हैं, कोई भी यह आकलन नहीं कर सकता है कि उस विशिष्ट अवस्था से क्या बाहर आयेगा' (अ बीफ हिस्ट्री ऑफ टाइम पृ० १२८)।

इसके समानान्तर ही **वार्नर हाइजेनवर्ग, इरविन श्रॉडिंजर** और **पाल डिराक्** ने मैक्स प्लैंक द्वारा आविष्कृत क्वांटम की अवधारणा को परिष्कृत किया, जिसे क्वांटम् मेकैनिक्स कहा जाता है। यह क्वांटम मेकैनिक्स वार्नर हाइजेनबर्ग के अनिश्चितता के सिद्धान्त पर मूलतः आश्रित है। इस अवधारणा के अनुसार कण बहुत अलग नहीं हैं, उनकी भली प्रकार परिभाषित स्थिति और वेग नहीं है तथा वे देखे नहीं जा सकते हैं। वस्तुतः यह मैक्स प्लैंक की अवधारणा की स्वाभाविक परिणति है। मैक्स प्लैंक ने जो अवधारणा प्रस्तुत की थी उसके अनुसार-यद्यपि प्रकाश तरंगों के रूप में है किन्तु कुछ बार यह इकट्ठे किये गये कणों जैसा व्यवहार करता है। इस प्रकार प्रकाश तरंगे किसी मनमाने मात्रा में उत्सर्जित या अवशोषित नहीं होती हैं अपितु एक निश्चित मात्रा में बंडलों में उत्सर्जित या अवशोषित होती हैं। भविष्य में किसी कण की स्थिति और वेग का आकलन करने के लिए आवश्यक है कि आप वर्तमान में उस कण की स्थिति

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

और वेग को सही-सही जानें। इसके लिए कण को प्रकाशित करना आवश्यक होगा और आपको इसके लिए कम-से-कम कए क्वान्टा (एक बंडल) प्रकाश का उपयोग करना ही पड़ेगा। यह मात्रा उस कण को आन्दोलित कर देगी तथा उसकी स्थिति और वेग परिवर्तित हो जायेगा। इस परिवर्तन को किसी तरह भी आकलित नहीं किया जा सकता है। इस प्रकार यह सैद्धान्तिक रूप से सामने आता है कि आप किसी भी कण की (और इसी वजह से सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड क्योंकि ब्रह्माण्ड भी तो अनन्त कणों से ही बना है) स्थिति और वेग एकदम सही सही नहीं जान सकते हैं। यदि एक का भली प्रकार ज्ञान हुआ तो दूसरे का उससे कम ही ज्ञान हो सकेगा।

क्वांटम मेकैनिक्स किसी निरीक्षण के किसी एक निश्चित परिणाम का भविष्यकथन नहीं करता है, बल्कि उसकी जगह पर कुछ एक संख्याओं में परिणाम की सम्भाव्यता को बतलाता है। किसी बड़े पैमाने पर परीक्षण करने पर एक ही परिणाम हमेशा नहीं निकलेगा बल्कि कुछ में परिणाम 'क' तो कुछ में 'ख' निकलेगा, जैसे सिक्का उछालने पर उसके चित या पट गिरने की सम्भावना बराबर रहती है, जिसका भविष्य कथन कोई भी कर सकता है। उसी प्रकार जितनी सम्भावनाएं हो सकती हैं, उन सबके विषय में क्वान्टम मेकैनिक्स भवष्यिकथन करता है। इस प्रकार क्वांटम मेकैनिक्स विज्ञान में एक अननुमेयता और एक संयोग के तत्त्व की उपस्थिति बताता है, जो कि अपरिहार्य है। प्लैंक अवधारणा के अनुसार जैसे प्रकाश तरंगों में होते हुए भी कणों के बंडल जैसा बर्ताव करते हैं। इस अवधारणा ने बहुत लम्बे समय से चली आ रही एक समस्या को समाहित कर दिया। जिस प्रकार ग्रह तारों की परिक्रमा करते हैं। उसी प्रकार इलेक्ट्रान अपने केन्द्र की परिक्रमा करते हैं। किन्तु जिस तरह तारों में गुरुत्वाकर्षण होता है, उसी तरह परमाणु केन्द्र में गुरुत्वाकर्षण नहीं होता है। परमाणुकेन्द्र धनात्मक और इलेक्ट्रान ऋणात्मक विद्युत आवेश से युक्त हैं। इसलिए इलेक्ट्रान केन्द्र की परिक्रमा करते हैं। किन्तु इसमें समस्या यह थी कि इस प्रकार तो कभी-न-कभी इलेक्ट्रानों को केन्द्र में गिर जाना चाहिए, क्योंकि विद्युत यांत्रिकी के नियमों के अनुसार गति करने से इलेक्ट्रान की ऊर्जा का क्षय होगा और फिर केन्द्र के आकर्षण की वजह से वे केन्द्र में जा गिरेंगे। इसका समाधान क्वांटम मैकैनिक्स ने यह कह कर दिया कि, चूंकि इलेक्ट्रान तरंगों के रूप में चलते हैं, इसलिए वे अपने वेग से ही पुनः वेग हासिल करते रहते हैं, उनकी ऊर्जा का क्षय नहीं होता है। इस प्रकार क्वांटम मेकैनिक्स अनेक समस्याओं को समाहित करने में सफल रहा। किन्तु इसके लिए मूल्य क्या चुकाया गया है, देखना मनोरंजक है।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

शास्त्रीय भौतिकी की जो धारणा थी कि सभी परिघटनाओं को समीकरणों की शर्तों पर व्याख्यायित और आकलित किया जा सकता है, वह खण्डित हो गयी, क्योंकि ब्रह्माण्ड में कुछ ऐसा है जो अवधार्य नहीं है, अनुमेय नहीं है। शुरू में यह माना जाता था कि परमाणुओं से यह ब्रह्माण्ड बना है, परमाणुओं को मूलभूत तत्त्वो के रूप में जाना जाता था। वे आज खण्डित कर दिये गये हैं और आज हमारे सामने जो तत्त्व मूल तत्त्वों के रूप में हैं– इलेक्ट्रान और क्वार्क, वह प्रत्यक्ष सिद्ध नहीं हैं और वस्तुतः उस अर्थ में तात्त्विक नहीं हैं जिस प्रकार पेड़ पौधे आदि। **हाइजेनबर्ग** कहते हैं 'क्वांटम अवधारणा के प्रकाश में .... मूलभूत तत्त्व उस अर्थ में दूर तक तात्त्विक नहीं है जिस अर्थ में दैनिक जीवन की चीजें तात्त्विक हैं, जैसे वृक्ष या पत्थर (उद्धृत-डांसिंग वू ली मास्टर्स पृ० २१६)। ऐसा इसलिए है क्योंकि ये तरंगों के रूप में हैं। **स्टीफेन हाकिंग** कहते हैं कि 'हम यह अपेक्षा कर सकते हैं कि जिन्हें हम आज मूलभूत तत्त्व मानते हैं, हो सकता है आगे इन इलेक्ट्रान और क्वार्क से भी मौलिक कुछ और संरचना परतों को ढूंढ लें' (आ ब्रीफ हिस्ट्री ऑफ टाइम, पृ० १७७)। इस प्रकार वस्तुतः हमारे पास कोई भी मूलभूत पदार्थ शेष नहीं बचता है। विज्ञान कोई एक अवधारणा नहीं सुलभ करा सका है जो इससे अपेक्षा थी, जिसके आधार पर समग्र विश्व को व्याख्यायित किया जा सके। उसने कई छोटे-छोटे नियम हमें उपलब्ध कराये हैं जो आपस में ही एक दूसरे की सहायता नहीं करते हैं। ऐसा लगता है जैसे कृष्ण को बांधने के लिए यशोदा रस्सी ला रही हैं और हर रस्सी छोटी पड़ जा रही है।

वस्तुतः आज विज्ञान तमाम चिन्तन, तमाम निरीक्षणों-परीक्षणों के उपरान्त उस मोड़ पर आकर खड़ा हुआ है जिस मोड़ से भारतीय दर्शन परम्परा में अद्वैतवादियों और शून्यवादियों में शास्त्रार्थ प्रारम्भ हुआ था। आप चाहें तो यह मान सकते हैं असत् से सत् की उत्पत्ति हुई है, चाहें तो यह मान सकते हैं कि समस्त विश्व ही ब्रह्म है और सत् है, उसी सत् से सत् की उत्पत्ति हुई है। **नासदीय-सूक्त** में 'न सत् था न असत् था', कहने का आशय यही है कि उस तत्व को सत् कहना भी मुश्किल है क्योंकि उसकी प्रतीति सम्भव नहीं है, असत् कहना भी मुश्किल है क्योंकि वह है।

क्या ये वही विचारधारा और वही मार्ग नहीं हैं जिस मार्ग का अन्वेषण वैदिक ऋषियों ने सूक्तों और उपनिषदों में किया है? क्या वैदिक विश्व दृष्टि भी इन्हीं प्रश्नों पर नहीं विचार करती रही है? आज भौतिक विज्ञानी इस तरफ भी विचार करते हुए वैदिक विश्व दृष्टि को ही सत्यापित करते हैं। **इरविन**

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

श्रॉडिंजर इसके लिए उपनिषदों की ओर देखते हुए दिखायी पड़ते हैं। (माई वर्ल्ड व्यू ऑफ दा वर्ल्ड, चैप्टर-४)। **रोजर एस. जोंस** कहते हैं कि 'मेरे लिए, यह सब कुछ पूर्व के इस विचार से सम्बद्ध है, जिसके अनुसार यह ब्रह्माण्ड एक सीमारहित एकता है, एक है जो अपने आप में ही अन्तर्विष्ट है' (भूमिका, फिजिक्स ऐज मेयकर)। यह ऋग्वेद के उस कथन– 'एक ही सद् है जिसे विप्र बहुत तरीके से कहते हैं' का पुनः कथन है। वैदिक साहित्य में भी यह विचार बार-बार आता है कि यह विश्व सत् से हुआ या असत् से!, कही सत् से हुआ और कहीं असत् से इस तरह के विचार मिलते हैं। किन्तु **छान्दोग्योपनिषद्** में सुस्पष्टतः सत् से ही सत् की उत्पत्ति बतलाते हैं तथा प्रश्न उठाते हैं कि आखिर असत् से सत् कैसे उत्पन्न हो सकता है? (छान्दोग्य ६-२-१,२)।

कण-तरंग द्वैधता पर भौतिक विज्ञानी चिन्तित हो सकते हैं। आखिर प्रकाश कैसे तरंग रूप होते हुए कण जैसा व्यवहार कर सकता है? कण कैसे तरंगवत् व्यवहार कर सकता है? किन्तु 'रूपं रूपं मधवा बोभवीति' इस वैदिक चिन्तन का आधार जिसके पास हो उसे इस पर कोई आश्चर्य नहीं होता है। एक वही सत् कभी तरंग के रूप में कभी कण के रूप में व्यवहार करता है, अपने को दर्शाता है। यह उसकी महिमा ही है।

हाईजेनवर्ग का अनिश्चितता के सिद्धान्त को मापने के साधनों की सीमा का ही निदर्शन नहीं है बल्कि मानव प्रजाति के ज्ञान की सीमा का भी निदर्शन है। इसी कारण वैदिक साहित्य में हम नेति नेति के रूप में उस परमसत्ता का वर्णन प्राप्त करते हैं। **पुरुष सूक्त में** जब ऋषि कहते हैं 'वह पुरुष त्रिपात् ऊर्ध्व है, उसका पाद ही यहाँ पर सृष्टि के रूप में उत्पन्न हुआ है' तो वह यही संकेतित कर रहे होते हैं कि दृश्यमान् जगत् उस चेतन सत्ता का अंश मात्र है। जो ज्ञात है अज्ञात उससे कहीं बहुत ज्यादा है। आज भौतिक विज्ञानी अनेक ब्रह्माण्डों की भी बात करते हैं और उसकी सम्भावना से इनकार नहीं करते हैं। इतनी सुविधा सम्पन्न होने पर भी हमारी दृष्टि सीमा से बाहर भी अनेक आकाश गंगाएं हैं। भौतिक विज्ञान आज हमें बता रहा है कि चेतना और शरीर दोनों एक हैं। क्या समस्त विश्व सच्चिदानन्दात्मक बताते हुए वैदिक दृष्टि ने यही कार्य नहीं किया था? आज जब भौतिक विज्ञानी बिगबैंग और बिगक्रंच अवस्थाओं की बात कर रहे हैं तो क्या ऐसा नहीं लगता है कि कोई ऐसी ही बात शायद शब्दान्तर से **मुण्डकोपनिषद्** में कही गयी है? जहाँ पर कहा गया है कि 'जैसे ऊर्णनाभ सृजन करता है और पुनः ग्रहण कर लेता है.........उसी प्रकार अक्षर से यह विश्व उत्पन्न होता है' (मुण्डकोपनिषद् १-७)। आखिर भौतिक विज्ञानी भी बिगबैंग से

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

सृष्टि का विस्तार और बिगक्रंच में सृष्टि की लीनता ही तो स्वीकार करते हैं। यहाँ पर मैं अपनी बात समाप्त करना चाहूँगा। **विल ड्यूरां** ने कहा है कि "विज्ञान हमें जानकारी देता है किन्तु सिर्फ दर्शन ही हमें प्रज्ञा प्रदान करता है" (द स्टोरी ऑफ फिलासफी भूमिका पृ॰ xxvii)। इस तरह विज्ञान दर्शन के बिना अधूरा है और विज्ञान को पूर्णता प्रदान करने वाला दर्शन वैदिक औपनिषदिक दर्शन ही है। विज्ञान का मार्ग भी दूसरा नहीं है।

---

1. The eventual goal of science is to provide a single theory that describes the whole universe. (A Brief history to time p. -11)

१. ऋग्वेद
२. यजुर्वेद
३. अथर्ववेद
४. तैत्तिरीय ब्राह्मण
५. छान्दोग्योपनिषद्
६. तैत्तिरीयोपनिषद्
७. केनोपनिषद्
८. मुण्डकोपनिषद्
९. श्वेताश्वतरोपनिषद्
१०. भारतीय दर्शनः डॉ॰ राधाकृष्णन् अनु॰ नन्द किशोर गोभिल राजपाल एण्ड संस।
११. द स्टोरी ऑफ फिलासफी : विल ड्यूरां।
१२. माई वर्ल्ड व्यू ऑफ द वर्ल्ड : इरविन श्रॉडिंजर, कैम्ब्रिज यूनि, प्रेस लंदन १९६४।
१३. फिजिक्स ऐज मेटाफर : रोजर एस.जोंस, वाइल्ड वुड हाउस लंदन १९८३।
१४. द डांसिंग वू ली मास्टर्स : गैरी जुकाव न्यूयॉर्क १९७९।
१५. अ ब्रीफ हिस्ट्री ऑफ टाइम : स्टीफेन हाकिंग बैंटम प्रेस ग्रेट ब्रिटेन पुनः प्रकाशन १९९७।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

अभिज्ञानशकुन्तल-बंगालीवाचना की मौलिकता के समर्थक नवीन प्रमाण

वसन्तकुमार म. भट्ट

पाण्डुलिपीनां परस्परं प्राचीनतानिर्धारणक्रमे नवं पन्थानं प्रदर्शयति एषः लेखः। अभिज्ञानशाकुन्तलस्य उपलभ्यमानानि वाचनानि भृशं परिशील्य बङ्गवाचनस्य मौलिकतासमर्थकं प्रमाणमुस्थाप्यते। "सानुक्रोशोऽप्यार्यपुत्रः मयि विरसः संवृत्तः" इति, "ततोऽनुकम्पिता भवेयम्" इति च शाकुन्तलं वचनमुद्धृत्य बङ्गवाचनात् तस्य प्राचीनतां निश्चिनोति गवेषकः।

भूमिका

इसमें दो मत नहीं है कि महाकवि कालिदास का अभिज्ञाश(शा)कुन्तल नाटक सर्वश्रेष्ठ है। लेकिन इस नाटक के शीर्षक से लेकर अन्तिम भरतवाक्य पर्यन्त का जो पाठ पाण्डुलिपियों में संचरित हुआ है वह नाना प्रकार का दिखाई देता है। अतः इस नाट्यकृति के किसी भी वाक्य को लेकर यह पूछा जाए कि–क्या यह वाक्य कालिदास ने लिखा था? तो इतना निश्चित है कि इसमें दो मत अवश्य सामने आयेंगे।[१]

इस नाट्यकृति का "समीक्षित पाठसम्पादन" प्रस्तुत करने का दावा अनेक गणमान्य विद्वानों ने किया है।[२] लेकिन इनमें से किसी का भी समीक्षित पाठ सर्वसम्मत नहीं हुआ है। आज की प्रवर्तमान स्थिति यही है कि कालिदास के अभिज्ञानश(शा)कुन्तल नाटक का पाठ कम से कम पाँच वाचनाओं में प्रवहमान दिखाई देता है। १. देवनागरी-वाचना, २. दाक्षिणात्य-वाचना, ३. काश्मीरी-वाचना, ४. मैथिली-वाचना एवं ५. बंगाली-वाचना। इन पाँचों वाचनाओं में जो पाठ-वैविध्य है उसको हम मुख्य रूप से दो परम्पराओं में विभक्त कर सकते हैं:- (क) लघुपाठ परम्परा और (ख) बृहत् पाठपरम्परा। प्रथम परम्परा

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

में इस नाटक का शीर्षक-अभिज्ञानशाकुन्तलम है, और द्वितीय परम्परा में-अभिज्ञानशकुन्तल है। पूर्वोक्त पञ्चविध वाचनाओं में से प्रथम दो वाचनायें लघुपाठ परम्परा वाली है, तथा अन्तिम दो वाचनायें बृहत् पाठपरम्परा वाली हैं। लेकिन जो काश्मीरी की तृतीय वाचना है, वह न अतिलघु है और न अतिबृहत् है-मध्यम विस्तारवाली है-ऐसा डॉ० एस० के० बेलवालकरजी का मत है। फिर भी यह वाचना बंगाली-वाचना की ओर थोड़ा झुकाव रखने वाली तो है ही-यह भी ज्ञातव्य है।

इस तरह अभिज्ञानश(शा)कुन्तलम नाटक का पाठ मुख्य रूप से दो-लघुपाठ और बृहत्पाठ-परम्पराओं में संचरित हुआ है। किन्तु यह नाटक एककर्तृक रचना है, इसलिए एक प्रश्न तो उठेगा ही कि दोनों तरह का अभिज्ञान-श(शा)कुन्तल तो कालिदास द्वारा नहीं लिखा हो सकता। अर्थात् हमें यह ढूँढना ही चाहिये कि इस नाटक की दो तरह की पाठपरम्परा में से किस परम्परा का पाठ मौलिक हो सकता है। तार्किक दृष्टि से सोचा जाय तो यहाँ दोनों तरह की सम्भावनायें हो सकती हैए जैसा कि - १. लघुपाठ में कालान्तर में (नाट्यप्रयोग के दौरान) कुछ अंश नये जोड़े गये होंगे, ऐसे प्रक्षिप्तांश के कारण शाकुन्तल का बृहत् पाठ तैयार हुआ होगा अथवा २. महाकवि के द्वारा ही प्रणीत बृहत्पाठ में से कुछ अंश हटा कर (रंगभूमि के अनुरूप, सीमित समय में प्रस्तुत होने वाला) नाटक का संक्षिप्त (लघु) पाठ बाद में तैयार किया गया होगा। अतः यह कहना मुश्किल है कि कालिदास ने ही अपने हाथ से लिखा हो, ऐसा (मौलिक) पाठ कौन सी परम्परा में सुरक्षित रहा होगा? यह प्रश्न निरतिशय विवादास्पद होते हुए भी विद्वानों के लिये अनुपेक्ष्य है। इसीलिये जब तक इस प्रश्न का बुद्धिग्राह्य समाधान न मिले तब तक विद्वज्जगत् में इस दिशा के प्रयास जारी रहने चाहिये और किसी भी कृति के पाठ की विश्वसनीयता जब तक सिद्ध नहीं होती है तब तक उसके साहित्यिक गुण-दोष की चर्चा करना भी सर्वथा व्यर्थ है।

१-१. नाटक जैसी जो एककर्तृक रचना होती है उसका पाठ जब प्रतिलिपिकरण के द्वारा पाण्डुलिपियों में संचरित होता है तो उसमें अनेक पाठभेद (पाठान्तर), अपपाठ, प्रक्षेप, श्लोकों की आनुक्रमिकता में विभेद, पात्रसृष्टि के नामों में बहुविधता तथा उक्ति के वक्ताओं में परिवर्तनादि दिखाई देते हैं। ऐसी स्थिति में जो पाठालोचना करके समीक्षित पाठसम्पादन तैयार किया जाता है, उसमें दो तरह की सम्भावनाओं की परीक्षा की जाती है:-(क) अनुलेखनीय सम्भावना, (ख) तथा आन्तरिक सम्भावना। उदाहरण के रूप में देखें तो प्रो. श्री रेवाप्रसाद

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

जी ने कालिदास के समय में प्रचलित ब्राह्मीलिपि के अक्षरों के आकार को ध्यान में लेते हुए, शाकुन्तल के नान्दी-पद्य में 'प्रपन्नः' और 'प्रसन्नः' - जैसे दोनों उपलब्ध पाठान्तरों को अमान्य घोषित करके, 'प्रपन्नान्' जैसे नये पाठ की सम्भावना प्रस्तुत की है। इसको अनुलेखनीय सम्भावना कहते हैं।[३] दूसरी ओर, डॉ॰ एस. के. बेलवालकरजी ने **"निसर्ग-कन्या शकुन्तला"** शीर्षकवाले आलेख में जो उदाहरण प्रस्तुत किये हैं, वे आन्तरिक सम्भावना के ध्यानास्पद उदाहरण हैं (कालिदास-ग्रन्थावली (हिन्दी अनुवाद के साथ), १९५३)[४]।।

१-२. विद्वज्जगत् में अभिज्ञानशाकुन्तल के श्रद्धेय पाठ के रूप में बहुशः देवनागरी वाचना का लघुपाठ ही प्रचार में हैं (तथा दाक्षिणात्य वाचना का पाठ बहुशः देवनागरी वाचना के साथ साम्य रखता है। अतः उसका स्वतन्त्र मूल्य कम है) और देवनागरी वाचना के पाठ में ही व्यंजना का आधिक्य है तथा बंगाली वाचना के पाठ में स्थूल शृङ्गारिक दृश्यावली ज्यादा है– ऐसा अनेक विद्वानों का मन्तव्य है।[५] दूसरी ओर, देवनागरी वाचना का पाठ (रंगभूमि के अनुरूप बनाने के लिये) संक्षिप्त किया गया है - ऐसा कहने वालों में सर्वप्रथम कोलकाता के प्रॉफेसर डॉ. श्री दिलीपकुमार कांजीलाल (ज्ञंदरपसंसए १९८०) का प्रयास अतीव ध्यानास्पद है। उन्होंने अनेकानेक प्रमाणों से यह प्रस्थापित किया है कि बंगाली वाचना में संचरित हुआ पाठ ही सर्वाधिक श्रद्धेय है एवं प्राचीनतम भी है (दुर्भाग्य से उनके ग्रन्थ का प्रचार देश के कौने-कौने में नहीं हुआ है)। किन्तु जिन सन्दर्भों की ओर सम्माननीय विद्वान् डॉ. श्री कांजीलाल का भी ध्यान नहीं गया है और जो बंगाली पाठ की मौलिकता के समर्थक बन सकते हैं- ऐसे सन्दर्भों की चर्चा यहाँ प्रस्तुत की जा रही है।।

२. अभिज्ञानशकुन्तल नाटक के वस्तुग्रथन में रूप - प्रतिरूप (दृश्य-प्रतिदृश्य) की पद्धति दिखाई दे रही है। जैसा कि- प्रथम अङ्क में शिकारी दुष्यन्त का प्रवेश होता है, तो सप्तम अङ्क में सिंहशावक को सताने वाला सर्वदमन भरत का दृश्य आता है। तृतीय अङ्क में विटपान्तरित दुष्यन्त शकुन्तला की मदनावस्था को सुनता है (शाकु. ३/८ के बाद) तब बोलता है - श्रुतं श्रोतव्यम्। फिर वही दुष्यन्त पंचमाङ्क में शकुन्तला को ताना मारता सुनाई पड़ता है कि- श्रोतव्यम् इदानीं संवृत्तम् (शाकु. ५/२२ के उपर)। उसी तरह से प्रथमाङ्क में भ्रमरबाधा प्रसंग में दुष्यन्त भ्रमर के प्रतिस्पर्धी के रूप में "वयं तत्त्वान्वेषान् मधुकर, हतास्त्वं खलु कृती" (शाकु. १/२०) कहता है। वही दुष्यन्त षष्ठाङ्क में, चित्रफलक में भ्रमरबाधा प्रसंग का फिर से निरूपण करता है। तब भ्रमर को कहता है कि–बिम्बाधरं स्पृशसि चेद् भ्रमर, प्रियायास्त्वां कारयामि कमलोदरबन्धनस्थम्

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

(शाकु. ६/२०)। इस तरह से, इस कृति में आदि से लेकर अन्त तक रूप - प्रतिरूप की विधा से नाट्यकार्य प्रवर्तित किया गया है। इस तरह की निरूपण शैली को आधार बना कर सोचा जाय तो, षष्ठाङ्क में (प्रतिरूप में) निरूपित अन्य प्रसंगों का मूल रूप देवनागरी वाचना के तृतीय अङ्क के पाठ में होना ही चाहिये। लेकिन वे नहीं हैं। अतः यह शङ्का दृढ हो कर सामने आती है कि मूल बंगाली वाचना वाले बृहत् पाठ का देवनागरी वाचना में संक्षेप किया गया है। इस सन्दर्भ में बंगाली वाचना में तृतीयाङ्क का जो बृहत् पाठ (कम से कम १२वीं शताब्दी से संचरित हो कर) हमारे पास आया है (Kanjilal, १९८०)[६] उसकी परीक्षा करने के लिये देवनागरी वाचना के षष्ठाङ्क का तुलनात्मक अभ्यास करना जरूरी है।

२-१. षष्ठाङ्क में, विरही दुष्यन्त चित्रफलक में शकुन्तला का चित्र बनाता है। वह विदूषक को कहता है कि मैं इस चित्र में शकुन्तला का प्रसाधन भी चित्रित करना चाहता हूँ। विदूषक पूछता है:–क्या है वो प्रसाधन? तब दुष्यन्त कहता है कि– कृतं न कर्णापितबन्धनं सखे, शिरीषमागण्डविलम्बिकेसरम् (शाकु. ६/१८)। "शकुन्तला के कर्ण में एक शिरीष-पुष्प लगाना है, जिसके केसर गण्डस्थल के भाग पर लटकते हो," शकुन्तला के ऐसे कोई प्रसाधन का उल्लेख प्रथमाङ्क में तो कहीं पर नहीं है। केवल बंगाली वाचना के (बृहत् पाठ वाले) तृतीय अङ्क में इसका निर्देश है:– शकुन्तला कहती है कि– ण दाव णं पेक्खामि। पवणुकम्पिणा कण्णप्पलरेणुणा कलुसीकिदा में दिट्ठी। (न तावत् एनम् प्रेक्षे। पवनोत्पलरेणुना कलुषीकृता में दृष्टिः)। यहाँ ऐसा स्पष्ट उल्लेख है कि शकुन्तला अपने कानों में उत्पलादि पुष्पों को प्रसाधन के रूप में लगाती थी। गान्धर्व-विवाह वर्णित करने वाले तृतीयाङ्क में दुष्यन्त ने शकुन्तला के जो प्रसाधन देखे होंगे उसे तो वह कैसे भूलेगा? अतः यह मानना होगा कि बंगाली वाचना के (तृतीयाङ्क के) बृहत्पाठ में कांट-छांट करके, देवनागरी वाचना (के तृतीयाङ्क) का संक्षिप्त पाठ बनाया गया होगा।

२-२. दुष्यन्त ने चित्रफलक में दो सहेलियों के साथ रह रही शकुन्तला का चित्र बना लिया है। तब विदूषक पूछता है कि– भोः, अपरं किमत्र लिखितव्यम्। (अब इस में और क्या चित्रित करना है?) इसके जवाब में दुष्यन्त ने प्रेमाविष्ट होकर एक श्लोक प्रस्तुत किया है:– (जो शकुन्तला की सभी वाचनाओं में सुरक्षित रहा है)

कार्या सैकतलीनहंसमिथुना स्रोतोवहा मालिनी, पादास्ताम् अभितो निषण्णहरिणा गौरीगुरोः पावनाः। शाखालम्बितवल्कलस्य च तरोर्निमातुम् इच्छाम्यधः, शृङ्गे कृष्णमृगस्य वामनयनं कण्डूयमानां मृगीम्।। ६/१७।।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

अब सोचना यह है कि धीवरप्रसंग के बाद विरही दुष्यन्त को शकुन्तला का स्मरण जब पूर्ण रूप से हो गया है तब पूर्वानुभूत (प्रथम एवं तृतीय अङ्क के) कौन-कौन से प्रसंगों को चुन-चुन कर वह चित्राङ्कन करना चाहता है (राघवभट्ट, २००६)।[७] उपर्युक्त श्लोक में जो-जो कहा गया है उसका ध्यान से परीक्षण करने की आवश्यकता है।

१. दुष्यन्त कण्वाश्रम के पास बहती हुई मालिनी नदी को याद कर रहा है। जिसकी सिकता में बैठे हुए हंस-मिथुन को वह चित्रित करना चाहता है।

२. मालिनी की पार्श्वभूमि में स्थित पार्वती के पिता अर्थात् हिमालय को वह चित्रित करना चाहता है, जिसकी निश्रा में हिरणों के यूथ बैठे हों।

३. जहाँ वृक्ष की शाखाओं पर ऋषि-मुनियों के अथवा शकुन्तला के वल्कल सुखाने के लिये टाँगे गये हों और उस वृक्ष की छाया में, नीचे दो मृग (जिसमें एक मृग हो और दूसरी मृगी हो) खड़े हों- ऐसा वह चित्रित करना चाहता है। यहाँ मालिनी, हंस, हिमालय, हरिण और वल्कल-वस्त्रों का उल्लेख तो (प्रथम अङ्क के कण्वाश्रम के) पूर्वदृष्ट स्थल का ही स्मरण है ऐसा तुरन्त समझ में आता है। किन्तु-

४. यहाँ एक प्रश्न उठता है कि मृग के शृंग पर अपना वाम-नेत्र खुजलाती हुई (कण्डूयमाना) मृगी चित्रित करने की भावना दुष्यन्त के मन में कैसे/कहा/ से पैदा हुई होगी।

यहाँ चतुर्थ बिन्दु में जो प्रश्न उपस्थित किया गया है उसका उत्तर देवनागरी वाचना के संक्षिप्त पाठ में मिलता ही नहीं है। उसका उत्तर तो केवल बंगाली वाचना के पाठ को देखने पर ही मिलता है। बंगाली वाचना वाले अभिज्ञानशकुन्तला के तृतीयाङ्क में, जैसा पहले बताया गया है कि शकुन्तला ने अपने कर्ण के ऊपर उत्पल पुष्प को आरोपित किया था और जो शकुन्तला के मुख पर गण्डभाग में लटक रहा था, (पिशेल, १९२२ (द्वितीयावृत्ति))[८] उसी उत्पलपुष्प का परागरज (परिमल) पवन के कारण शकुन्तला की आँख में जा कर दृष्टि को कलुषित कर देती है- ऐसा (बंगाली वाचना के) तृतीय अङ्क में कहा गया है। इस प्रसंग के अनुसन्धान में दुष्यन्त ने वहाँ कहा था कि मैं अपने वदन-मारुत से तुम्हारी दृष्टि को स्वच्छ कर देने को तैयार हूँ।[९] लेकिन शकुन्तला को दुष्यन्त ने इसी का प्रतिदृश्य खड़ा करते हुए, कण्डूयमाना मृगी को चित्र में निरूपित करने की इच्छा व्यक्त की है। (यहाँ पर दावप्यत्रारण्यकौ - बोल कर दुष्यन्त ने एकदा जो ताना मारा था, उसका प्रायश्चित भी है।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

दुष्यन्त स्वयं एक आरण्यक मृग बनकर खड़ा रहने को तैयार है– ऐसा सूचना देने के लिये कण्डूयमाना मृगी का चित्र बनाने की चाहत उसके दिल में पैदा हुई है) और यह बात तो सर्वविदित है कि इस नाटक में सर्वत्र हरिण को ही शकुन्तला का प्रतीक बनाकर प्रयुक्त किया गया है। इस तरह देवनागरी वाचना के षष्ठाङ्क के सभी निर्देशों का पूर्व रूप बंगाली वाचना वाले (तृतीयाङ्क के) पाठ में ही उपलब्ध होते हैं, अतः बंगाली वाचना के बृहत् पाठ को प्रक्षिप्त न करके, उसे मौलिक मानने को हम बाध्य हो जाते हैं।

३. उपर्युक्त सन्दर्भ ऐसे हैं कि जिसमें देवनागरी, दाक्षिणात्य, काश्मीरी, मैथिली एवं बंगाली – सभी वाचनाओं में समान रूप से **षष्ठाङ्क में आये हुए श्लोक को आधार बनाकर** बंगाली वाचना के तृतीयाङ्क के प्रलम्ब पाठ की मौलिकता का समर्थन किया गया है। लेकिन देवनागरी, दाक्षिणात्य, काश्मीरी, मैथिली एवं बंगाली वाचना के **तृतीयाङ्क के अन्त भाग में समान रूप से अब एक श्लोक** (देवनागरी का ३/२३) ऐसा दिखाया जाता है कि जिसमें आये हुए एक शब्द का समर्थन केवल बंगाली वाचना का (तृतीयाङ्क का प्रक्षिप्त माना गया बृहत्) पाठ ही कर सकता है। अब ऐसे आन्तरिक प्रमाण के रूप में सिद्ध होने वाले श्लोक की चर्चा की जा रही है:–

३-१. देवनागरी (इत्यादि) वाचना के शाकुन्तल में, तृतीयाङ्क के अन्त में, गौतमी के साथ शकुन्लता चली जाती है। तत्पश्चात् दुष्यन्त प्रियापरिभुक्तमुक्त लतावलय में कुछ क्षणों के लिये खड़ा रहता है। वह यहाँ एक श्लोक बोलता है:–

तस्याः पुष्पमयी शरीरलुलिता शय्या शिलायामियं, क्लान्तो मन्मथलेख एष नलिनीपत्रे नखैरर्पितः। हस्ताद् भ्रष्टम् इदं **बिसाभरणम्** इत्यासज्यमानेक्षणो, निर्गन्तुं सहसा न वेतसगृहाच्छक्रोमि शून्याद् अपि।।

(देवनागरी वाचना के शाकुन्तला में– ३/२३) इस में १. शकुन्तला की पुष्पमयी शय्या, २. उसने नलिनीपत्र पर लिखा मन्मथलेख तथा ३. उसके हाथ से निकला हुआ कोई एक बिसाभरण (वलय)– इन तीन चीजों का स्पष्ट निर्देश है। लेकिन, देवनागरी, दाक्षिणात्य एवं काश्मीरी वाचना के तृतीयाङ्क के पाठ में कहीं पर भी शकुन्तला ने अपने हाथ में बिसाभरण धारण किया है, ऐसा नहीं कहा गया है। ऐसा उल्लेख तो एकमात्र बंगाली (एवं मैथिली) वाचना में ही प्राप्त होता है। बंगाली वाचना का निम्नोद्धृत अंश पठनीय है:–

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

राजा - सम्प्रति प्रियाशून्ये किमस्मिन् करोमि। (अग्रतोऽवलोक्य) हन्त, व्याहतं गमनम्।

मणिबन्धनगलितम् इदं संक्रान्तोशीरपरिमलं तस्याः।
हृदयस्य निगडमिव मे मृणालवलयं स्थितं पुरतः।।

(३/३१), (सबहुमानम् आदत्ते)

शकुन्तला- (हस्तं विलोक्य) अम्मो, दोब्बल्लसिढिलदाए परिब्भट्ठं पि मुणालवलअं मए ण परिण्णादं। (अहो, दौर्बल्यशिथिलतया परिभ्रष्टमपि **मृणालवलयं** मया न परिज्ञातम्)।

राजा - (मृणालवलयमुरसि निक्षिप्य) अहो स्पर्शः।

अनेन **लीलाभरेणन** ते प्रिये विहाय कान्तं भुजमत्र तिष्ठता। जनः समाश्वासित एष दुःखभागचेतनेनापि सता, न तु त्वया।। (अभिज्ञानशकुन्तम् ३/३२, रिचार्ड पिशेल की बंगाली वाचनावाली आवृत्ति, पृ. ३८)।

दुष्यन्त की यह उक्ति सुनने के बाद शकुन्तला फिर से लतामण्डप में उस वलय को वापस ले लेने के निमित्त प्रवेश करती है। यहाँ से शकुन्तला ने लीलाभरण के रूप में हाथ में कोई वलय/लीलाभरण पहना था, उसका स्पष्ट शब्दों में उल्लेख है। इस प्रसंग में (शकुन्तला के शब्दों में) जो वलय/(और दुष्यन्त के शब्दों में जो) लीलाभरण का निर्देश है, उसको देवनागरी वाचना के पूर्वोक्त (शाकु. ३/२३) श्लोक की "हस्ताद् भ्रष्टम् बिसाभरणम्" पंक्ति मे रखी गई है। अन्यथा देवनागरी (इत्यादि) वाचना के तृतीयाङ्क के पाठ में कहीं पर भी शकुन्तला ने अपने हाथ में कोई लीलाभरण, बिसाभरण, वलय जैसा कुछ पहना हो ऐसा तनिकसा भी निर्देश नहीं है। अतः बंगाली पाठ की मौलिकता के बारे में अधिक विश्वसनीयता दिखाई देती है।

बंगाली वाचना के शकुन्तला नाटक में तृतीयाङ्क में कुल मिला ४१ या ४२ श्लोकों का समुदाय है। उसके सामने देवनागरी वाचना और दाक्षिणात्य वाचना वाले शाकुन्तल नाटक के तृतीय अङ्क में केवल २३ या २४ श्लोक प्राप्त होते हैं। अतः यदि किसी अज्ञात रंगकर्मी ने बंगाली वाचना के बृहत् पाठ में काट-छांट करके, देवनागरी वाचना का संक्षिप्त पाठ बनाया होगा तो उसका कोई न कोई सबूत देवनागरी वाचना के पाठ में ही अनजान में भी रहा होगा- ऐसा अनुमान करने को हमारा मन उद्यत होता है। उस अनुमान को दृढीभूत करने वाला यह (३/२३) श्लोक (संक्षिप्त की गई) देवनागरी वाचना मे सुरक्षित रह गया है, जो

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

हमारे लिये एक अकाट्य आन्तरिक प्रमाण है। सारभूत बात यही है कि १. पुष्पमयी शय्या और २. मन्मथलेख के साथ ३. जो बिसाभरण का निर्देश देवनागरी वाचना के पाठ में है वह कहाँ से आया उसका उत्तर केवल बंगाली वाचना में ही है।

४. बंगाली वाचना के तृतीयाङ्क में प्रक्षिप्तांश है– ऐसा मानने वाले विद्वानों को यह प्रश्न पूछा जा सकता है कि तृतीयाङ्क के प्रसंगों को वर्णित करने के लिये कवि ने कितना कालावधि निर्दिष्ट किया है? क्योंकि देवनागरी (इत्यादि सभी) वाचना वाले तृतीयाङ्क के पाठ में निम्नोक्त तीन वाक्य तो सर्वत्र एक समान रूप से उपलब्ध होते हैं:– (१) अङ्क के आरम्भ में प्रविष्ट होते ही, (तब कुसुमशरत्वम्..... श्लोक के बाद) दुष्यन्त कहता है कि– (सूर्यम् अवलोक्य) इमाम् **उग्रातपवेलां** लतावलयवत्सु मालिनीतीरेषु ससखीजना शकुन्तला गमयति। अर्थात् अङ्क का आरम्भ उग्र आतपवाली दुपहर की वेला में हो रहा है। (२) मृगपोतक को उनकी माता के साथ संयोजित करने के बहाने जब दोनों सहेलियाँ चली जांती हैं और रंगभूमि पर दुष्यन्त-शकुन्तला अकेले रह जाते हैं, तब दुष्यन्त ने शकुन्तला से कहा कि– **सुन्दरि, अनिर्वाणो दिवसः।** (श्लोक ३/१८ के नीचे) हे सुन्दरी, अभी दिवस पूरा नहीं हुआ है। (३) लेकिन थोड़ी ही देर में गौतमी वहाँ आ पहुँचती है और कहती है कि– **वच्छे, परिणदो दिअहो।** एहि, उडजं एव गच्छम्ह। (वत्से, परिणतो दिवसः। एहि, उटजम् एव गच्छामः।) (श्लोक ३/२२ के ऊपर)।। यदि ये तीनों वाक्य सार्वत्रिक रूप से सभी वाचना में है, तो स्पष्ट है कि श्लोक १८ और २२ के बीच में जो अपेक्षित संवाद हो सकते हैं, उसमें कुछ कांट-छांट अवश्य हुई होगी। बंगाली वाचना वाले पाठ में दुष्यन्त और शकुन्तला के आपसी संवादों का जो है वही पाठ केवल "अनिर्वाणो दिवसः।" तथा "वत्से, परिणतो दिवसः।"– के बीच के अपेक्षित काल का समाधान कर सकते हैं। इतने सुव्याप्त संवादों के दौरान ही दोपहर से लेकर शाम ढलने तक का काल व्यतीत हुआ होगा ऐसा समर्थन बंगाली पाठ ही करता है। संक्षेप में, महाकवि कालिदास ने स्वयं उपर्युक्त तीन वाक्यों से जो समय-मर्यादा का प्रकट निर्देश किया है उसका तार्किक दृष्टि से औचित्य सिद्ध करना है तो वह बंगाली वाचना के बृहत् पाठ से ही सिद्ध हो सकता है– यह निःशङ्क है (ज्ञंदरपसंसए १९८०)[११]।।

४-१. देवनागरी एवं दाक्षिणात्य वाचना वाले (लघु) पाठ में गान्धर्व-विवाह नामक तृतीयाङ्क का आलेखन संयमित एवं व्यंजनापूर्ण होते हुए भी उसमें एक स्थान ऐसा है जो प्रथम दृष्टि में ही अनुचित लगता है:– 'चक्रवाकवधूके,

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

आमन्त्रयस्व प्रियसहचरम्। उपस्थिता रजनी।' ऐसा नेपथ्य से कहा जाता है। इसको सुनते ही शकुन्तला दुष्यन्त को सावधान करती है कि मेरे शरीरवृत्तान्त को जानने के लिये गौतमी आ रही है। तुम वृक्ष के पीछे छिप कर रहो। फिर लिखित पाठ में एक रंगसूचना है:–"ततः प्रविशति पात्रहस्ता तापसी, सख्यौ च"। दोनों सखियाँ "इत इत आर्या गौतमी" ऐसा बोलती हुई गौतमी को प्रवेश कराती हैं। बाद में वह पूछती है कि क्या अब तेरे शरीर का संताप कुछ कम हुआ है। लो, इस शान्तिदर्भोदक से तेरी बाधायें हट जायेगी इत्यादि। फिर तीनों पात्र, (गौतमी, अनसूया और प्रियंवदा) शकुन्तला को लेकर रंगभूमि से निकल जाती हैं। यहाँ प्रश्न उठता है कि जिन दोनों सखियों ने नायक-नायिका को रतिक्रीडा के अनुकूल विश्रब्ध स्थान में एकान्त देने के लिये, मृगबाल को अपनी माता के साथ संयोजन करवाने- को बहाना बनाकर, अभी-अभी कुछ ही क्षणों कर पहले लतावलय से बिदा ली थी, क्या वही दोनों सखियाँ आर्या गौतमी को रास्ता दिखाती हुई वहाँ उपस्थित हो जाती हैं। यह तो सर्वथा अनुचित ही है। यद्यपि यह बात अलग है कि किसी भी विद्वान् ने इस अनौचित्य की ओर अंगुली नहीं उठाई है। लेकिन यह अनौचित्य ध्यातव्य जरूर है।

अब इसी सन्दर्भ को लेकर बंगाली एवं मैथिली वाचना के पाठ का परीक्षण किया जाय तो वहाँ उपर्युक्त अनौचित्य तनिक सा भी नहीं है। जैसा कि पहले कहा गया है- बंगाली पाठ में "अनिर्वाणो दिवसः" से लेकर "वत्से, परिणतो दिवसः"– के बीच नायक-नायिका का जो विस्तृत सहचार दिखाया गया है, उसमें जिस क्षण में गौतमी का प्रवेश होता है, उस समय वह अकेली होती है। शान्त्युदक प्रसारित करते हुए वह देखती है कि अस्वस्थ शकुन्तला को देवताओं के सहारे अकेली छोड़ कर प्रियंवदा-अनसूया वहाँ से चली गई हैं। तब शकुन्तला को कहना पड़ता है कि वे दोनों अभी-अभी मालिनी नदी पर गई हैं, (पिशेल, १९२२ (द्वितीयावृत्ति))[१२]। यहाँ दोनों सखियों के साथ में गौतमी उपस्थित नहीं होती है, अर्थात् यहाँ जो पाठ दिखाई देता है, वह पूर्वापर सन्दर्भ में बिल्कुल सुसंगत और औचित्यपूर्ण है। अतः बंगाली लिपि में लिखित अभिज्ञानशकुन्तल की पाण्डुलिपियों में जो बृहत्पाठ-परम्परा संचरित हुआ है, वही मौलिक हो सकता है ऐसी सम्भावना दृढ़तर होकर सामने आती है।

४-२. अभिज्ञानश(शा)कुन्तल की सभी वाचनाओं के षष्ठाङ्क में विरही दुष्यन्त के मुख से अन्तःपुर में बार-बार गोत्रस्खलन होने से दुष्यन्त शरमिन्दा हो जाता है– ऐसा निर्देश है 'दाक्षिण्येन ददाति वाचमुचिताम् अन्तःपुरेभ्यो यदा, गोत्रेषु स्खलितस्तदा भवति च व्रीडाविलक्षश्चिरम्।।' (शाकु. ६/५). अब गान्धर्व-विवाह

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

को वर्णित करने वाले (देवनागरी वाचना के) तृतीयाङ्क में दुष्यन्त - शकुन्तला का जो मिलन है वह तो कुछ दो-पाँच क्षणों का ही वर्णित किया है। किन्तु बंगाली वाचना के तृतीयाङ्क के पाठ में, शकुन्तला ने दुष्यन्त को आर्यपुत्र जैसे शब्द से सम्बोधित किया है और दुष्यन्त ने शकुन्तला को जीवितेश्वरी शब्द से उल्लेख किया है। ऐसे परस्पराश्लिष्ट। परस्पराश्रित दाम्पत्य का निरूपण होने के बाद यदि गोलस्खलन का उल्लेख किया जाय तो वह ज्यादा प्रतीतिकर सिद्ध हो सकता है।

४-३. देवनागरी वाचना के षष्ठाङ्क में वर्णित प्रसंगों का बंगाली वाचना के तृतीयाङ्क के पाठ में प्रदर्शित प्रसंगों के साथ एक तरह का अंतर सम्बन्ध दिखाई देता है। इसी बात का समर्थन करने वाला षष्ठाङ्क का एक अन्य सन्दर्भ भी यहाँ उल्लेखनीय है:-देवनागरी (इत्यादि सभी) वाचनाओं में, विरही दुष्यन्त के सामने पत्रारूढ़ पौरकार्य प्रस्तुत किया जाता है। जिसमें एक समुद्रव्यवहारी सार्थवाह धनमित्र अनपत्य मर गया है-ऐसी बात कही जाती है। यहाँ पर दुष्यन्त की उक्ति स्मरणीय है:- 'अनपत्यश्च किल तपस्वी। राजगामी तस्यार्थसंचय इति एतद् अमात्येन लिखितम्। **कष्टं खल्वनपत्यता।** बहुधनत्वाद् बहुपत्नीकेन तत्रभवता भवितव्यम्। विचार्यातम् यदि काचिद् आन्नसत्त्वा तस्य भार्यासु स्यात्।' महाकवि कालिदास को यहाँ दुष्यन्त को शकुन्तला की आपन्नसत्त्वावस्था का स्मरण दिला कर पश्चाताप में डालना तो अभिप्रेत होगा ही, लेकिन उनको अपनी अनपत्यता का भी स्मरण देना अभीष्ट होगा, क्योंकि इस नाटक के आरम्भ में दुष्यन्त को चक्रवर्ती पुत्र की प्राप्ति होगी, ऐसे आशीर्वचन दिये गये हैं और वही है इस नाटक का अन्तिम लक्ष्य (द्विवेदी, कालिदास ग्रन्थावली (भाग-२))[१३]।

इसीलिये षष्ठाङ्क में, धनमित्र के प्रसंग से राजा दुष्यन्त की अनपत्यता का स्मरण ध्वनित करके कवि ने इस नाटक के चरम लक्ष्य को प्रेक्षकों के सामने रखा है। यहाँ एक ध्यानास्पद बिन्दु यह है कि- नाटक के गन्तव्य को महाकवि ने प्रत्येक अङ्क में किसी न किसी स्वरूप में निर्दिष्ट भी किया है जैसे कि:- प्रथमाङ्क में 'सर्वथा चक्रवर्तिनं पुत्रम् अवाप्नुहि' शब्दों से वैखानस के आशीर्वचन दिये जाते हैं और सप्तमाङ्क में चक्रवर्ती राजा के लक्षणों से युक्त सर्वदमन भरत की प्राप्ति दिखाई गई है। तृतीयाङ्क में नायक-नायिका का गान्धर्व-विवाह होता है और चतुर्थाङ्क में कण्वमुनि कहते हैं कि दुष्यन्त-पुत्र को राज्य की धुरा सोंप के इस आश्रय में फिर से वापस आना। पंचमाङ्क के अन्त में, शकुन्तला-प्रत्याख्यान प्रसंग में राजपुरोहित कहता है कि- त्वं साधुभिरुद्दिष्टः प्रथममेव चक्रवर्तिनं पुत्रम् जनयिष्यति इति। (शाकु. ५/२९ के बाद) और षष्ठाङ्क में सार्थवाह धनमित्र के

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

पूर्वोक्त प्रसंग के द्वारा दुष्यन्त की अनपत्यता व्यजिंत की जाती है। किन्तु देवनागरी वाचना और दाक्षिणात्य वाचना वाले **शाकुन्तल के द्वितीयाङ्क** में कहीं पर भी पुत्रप्राप्ति रूप नाट्यकार्य का किसी भी तरह से निर्देश नहीं है। दुष्यन्त की रानियों ने जो उपवास किये थे, उसका कोई उद्देश्य वहाँ नहीं कहा गया है। यहाँ पर देवनागरी और दाक्षिणात्य पाठ के अनुसार 'प्रवृत्तपारण' या 'निर्वृतपारण' उपवास का ही निर्देश है।[१४] केवल बंगाली, मैथिली और काश्मीरी वाचना के शकुन्तल में ही पुत्रपिण्डपालन, पुत्रपिण्डपर्युपासन एवं पुत्रपिण्डाराधन जैसे पाठभेद वाले शब्दों से पुत्र-प्राप्ति रूप लक्ष्य का निर्देश मिलता है। इन पाठ भेदों का तुलनात्मक अभ्यास करने से भी यह सिद्ध होगा कि देवनागरी और दाक्षिणात्य वाचना का पाठ संक्षिप्त करने के साथ-साथ परिवर्तित भी किया गया है। इसीलिये बंगाली वाचना के पुत्रपिण्डपालन वाले पाठ में नाटक के चरम लक्ष्य का निर्देश सुरक्षित है, परन्तु वह निर्देश देवनागरी एवं दाक्षिणात्य वाचना से गायब हो गया है। इस तरह बंगाली वाचना के पाठ की मौलिकता की सम्भावना उपर्युक्त एक छोटे से पाठभेद से भी दृढ़तर सिद्ध होती है।

५. संस्कृत नाट्य-साहित्य में भास, कालिदास, शूद्रक, कुन्दमालाकारादि अनेक कवियों ने प्रेमोद्भव के एक बीजभूत कारण के रूप में अनुक्रोश नामक गुण को पुरस्कृत किया है। यद्यपि संस्कृत-कोशकारों ने इस शब्द का दया, अनुकम्पा, घृणा, सहानुभूति जैसे अर्थों का परिगणन किया है, किन्तु उसका सही अर्थ तो 'परदुःखदुःखिता ही होता है।[१५] दूसरों के दुःख को देख कर, उस दुःखी जन की साहायता करने को जो तुरन्त उद्यत होता है तो वह व्यक्ति सानुक्रोश है-ऐसा कहा जाता है। ऐसी सानुक्रोशता को देख कर कुसुम-सुकुमारचित्तवाली नारियों के हृदय में प्रेम की भावना सद्यः प्रकट होती है। अतः महाकवि कालिदास जब अपनी इस नाट्य कृति में अनुक्रोश शब्द का प्रयोग करते हैं तो उसका भी परीक्षण करके देवनागरी शाकुन्तल के पाठ की आलोचना की जा सकती है।

५.१ देवनागरी वाचना वाले अभिज्ञानशाकुन्तल के सप्तमाङ्क में दुष्यन्त शकुन्तला के पाँव पड़ता है (और ७/२४ श्लोक बोलता है), यहाँ शकुन्तला कहती है कि-उत्तिष्ठत्वार्यपुत्रः। नूनं मे सुचरितप्रतिबन्धकं पुराकृतं तेषु दिवसेषु परिणाममुखम् आसीद्, येन सानुक्रोशोऽप्यार्यपुत्रो मयि विरसः संवृत्तः। यहाँ शकुन्तला ने कहा है कि दुष्यन्त एक सानुक्रोश व्यक्ति है, लेकिन मेरे सुचरित को रोकने वाला गत् जन्म का कोई कर्म उस समय फल देने के लिये तत्पर हो गया था, जिसके कारण आर्यपुत्र सानुक्रोश होते हुए भी मेरे प्रति विरस हो गये थे। यहाँ

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

दुष्यन्त के लिये प्रयुक्त सानुक्रोश शब्द, जो समग्र संस्कृत साहित्य में एक अत्यन्त महत्त्वपूर्ण शब्द है[१६], उसका औचित्य कैसे सिद्ध किया जा सकता है। वह परीक्षणीय है।

शकुन्तला की उपयुर्क्त उक्ति को सुन कर यह प्रश्न किया जा सकता है कि "दुष्यन्त एक सानुक्रोश व्यक्ति है" ऐसा अनुभव शकुन्तला को कब हुआ होगा? दुष्यन्त और शकुन्तला का सहचार तो केवल प्रथम एवं तृतीय–ये दो अंङ्कों में ही वर्णित हुआ है। १. प्रथमाङ्क के भ्रमरबाधा प्रसङ्ग में दुष्यन्त शकुन्तला को भ्रमर के त्रास से छुड़ाने के लिये जब सहसा प्रस्तुत होता है एवं वृक्षसेचन के लिये दो घट पानी के ऋण में से मुक्त करवाने के लिये जब दुष्यन्त ने अपनी राजमुद्रा निकाल कर दी थी। २. देवनागरी वाचना के तृतीयाङ्क में नायक–नायिका का सहचार/सहवास परिसीमित क्षणों में पूरा होता है। अतः इस अल्पकालिक मिलन में शकुन्तला को किसी बाधा से छुड़ाने का मौका दुष्यन्त को मिला ही नहीं है। इसलिये सप्तमाङ्क में जब दुष्यन्त के लिये सानुक्रोश शब्द का प्रयोग होता है, तब वह समुचित नहीं लगता है। किन्तु बंगाली वाचना के तृतीयाङ्क के पाठ को यदि मौलिक मानते हैं, तो वहाँ एक निश्चित प्रसङ्ग है जिसमें दुष्यन्त ने शकुन्तला को प्रत्यक्ष रूप से बाधामुक्त की है। शकुन्तला ने अपने कानों में जो उत्पलपुष्प आरोपित किया था, उसकी रेणु से नेत्र जब कलुषित होता है तब दुष्यन्त ने अपने वदनमारुत से उसका प्रमार्जन किया था। और शकुन्तला ने भी दुष्यन्त को अनुकम्पा प्रदर्शित करने वाले शब्द कहे हैं[१७]। इस तरह बंगाली वाचना के पाठ को यदि हम ध्यान में लेकर सप्तमाङ्क के सानुक्रोश शब्द के प्रयोग का औचित्य सोचते हैं तो वह सुसंगत लगता है। परन्तु देवनागरी वाचना के संक्षिप्त पाठ के सन्दर्भ में इस महत्त्वपूर्ण शब्द के प्रयोग का औचित्य जमता नहीं है।

उपसंहार

पाठालोचना में इदं प्रथमतया पाण्डुलिपियों का साक्ष्य ही महत्त्व रखता है। उपलब्ध पाण्डुलिपियों में संचरित हुए पाठों का तुलनात्मक अभ्यास करके, वंशवृक्ष–पद्धति से विभिन्न वाचनाओं में से कौन सी वाचना प्राचीन या प्राचीनतर है–उसका निर्णय किया जाता है। तदन्तर, कौन से पाठ को बहुसंख्य पाण्डुलिपियों का समर्थन मिलता है अथवा प्राप्त की गई अनेकानेक पाण्डुलिपियों में से जो प्राचीनतम पाण्डुलिपि होगी उनमें कौन सा पाठ सुरक्षित रहा है–ऐसा आधुनिक पाठसम्पादक सोचते हैं। इस दृष्टिकोण से जो समीक्षित पाठसम्पादन किया जाता है, उसमें वस्तुनिष्ठता जरूर होती है। क्योंकि यहाँ पर जैसा भी निर्णय किया जाता

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

है, वह उपलब्ध हुई पाण्डुलिपियों (की संख्या या प्राचीनता) पर निर्भर रहता है। परन्तु अनेकविध पाठान्तरों में से कौन सा पाठान्तर अधिक काव्यत्व पूर्ण हो सकता है? उसको पसंद करके अर्थात् गुणोपसंहार न्याय से जो समीक्षित पाठसम्पादन तैयार किया जाता है, उसमें आत्मलक्षिता प्रविष्ट होती ही है। परिणामस्वरूप ऐसा समीक्षित पाठसम्पादन सर्वसम्मत नहीं होता है। लेकिन जिस पाठसम्पादन को वस्तुनिष्ठ कहा गया है उसमें पाठालोचन के तीन सोपान ही कार्यान्वित किये गये होते हैं। अतः वहाँ चतुर्थ सोपान पर उच्चतर पाठसमीक्षा का कार्य अवशिष्ट रहता है। यहाँ वंशवृक्ष पद्धति से जो भी वाचना को प्राचीनतर या अधिक श्रद्धेय मानकर, उसके आधार पर पाठसम्पादन किया जाता है, उसका पुनःपरीक्षण किया जाता है। ऐसे पुनःपरीक्षण में बाह्य-साक्ष्य एवं कृतिनिष्ठ आन्तरिक सम्भावना को सर्वोच्च मानदण्ड के रूप में स्वीकारा जाता है। प्रस्तुत आलेख में, बंगाली वाचना के प्रक्षिप्त माने गये बृहत् पाठ को ,कृति के ही अन्तःसाक्ष्य से कैसे समर्थन मिल रहा है, उसकी चर्चा की गई है। देवनागरी वाचना के तृतीयाङ्क एवं षष्ठाङ्क के ऐसे अनेक सन्दर्भ हैं, जिसका सम्बन्ध बंगाली वाचना के तृतीयाङ्क के बृहत् पाठ के साथ ही बैठ सकता है-ऐसा यहाँ प्रस्थापित किया गया है। आशा है कि सहृदय पाठक इस विषय पर दोबारा सोच कर अपनी सम्मति या विप्रतिपत्ति प्रकट करेंगे।

---

१. It it the Abhijnanasakuntala that the Indological world is both united and divided. (Preface-page : 1), Dr. Dileep Kumar Kanjilal, Sanskrit College, Calcutta, (1980). [Bangali Recension is a accepted as the genuine]

२. कालिदास-ग्रन्थावली, सं. रेवाप्रसाद द्विवेदी, काशी हिन्दू वि.वि., वाराणसी, १९८६ में (१) देवनागरी वाचना का समीक्षित पाठ, (२) अभि. शकुन्तल, सं.डॉ. एस.के. बेलवालकर, साहित्य अकादेमी, दिल्ली, १९६५ में काश्मीरी वाचना का समीक्षित पाठ, (३) अभि.शाकु. काटयवेम की टीका के साथ, सं. चेलमचेर्ल रंगाचार्य, आन्ध्रप्रदेश संस्कृत अकादेमी, हैदराबाद, १९८२ में दाक्षिणात्य वाचना का समीक्षित पाठ, (४) शकुन्तल, सं. रिचार्ड पिशेल, हार्वर्ड युनि. प्रेस, १९२२ में बंगाली वाचना का समीक्षित पाठ, (५) अभि.शकु.,सं. रमानाथ झा, मिथिला विद्यापीठ, दरभंगा, १९५७ में मैथिली वाचना का समीक्षित पाठ प्रकाशित है।

३. द्रष्टव्यः- कालिदासः अपनी बात। डॉ. रेवाप्रसाद द्विवेदी, कालिदास संस्थान, वाराणसी, २००४, पृ. ५५-५६.

४. निसर्ग-कन्या शकुन्तला। डॉ. एस.के. बेलवालकर, कालिदास-ग्रन्थावली, (अनुवादकः सीताराम चतुर्वेदी) के परिशिष्ट में पुनः प्रकाशित आलेख, १९५३.

५. बंगीय पाठ में प्रथम मिलन में ही शकुन्तला अठखेलियाँ करती दिखाई गई हैं, जो कालिदास की प्रवृत्ति से विरुद्ध है।। कालिदासः अपनी बात (भारतीय दृष्टि) डॉ. रेवाप्रसाद द्विवेदीजी, कालिदास संस्थान, वाराणसी, २००४, पृ. ५४.

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

६. We have already established beyond doubt that the whole of the elaborate's rigaric version formed an integral part of the drama long before the 12th century A.D.- Dr. Dileep Kumar Kanjilal, p. 128.

७. कार्येति। अनेन पद्येनाश्रमस्थं पूर्वानुभूतं तदानींतनम् उद्दीपनं विभावगणं स्मरति। -अभिज्ञानशाकुन्तलम् (राघवभट्टस्य टीकया सहितम्)। सं. नारायण राम आचार्य, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, नयी दिल्ली, २००६, (पृ. २१२)।

८. राजा - सुन्दरि, कर्णोत्पलसंनिकर्षाद् ईक्षणसादृश्यमूढोऽस्मि। (इति मुख्मारुतेन चक्षुः सेवते)। पृ. ४०

९. राजा - (सस्मितम्) यदि मन्यसे अहमेनाम् वहनमारुतेन विशदां करिष्यते। अभिज्ञानशकुन्तलम्। सं. रिचार्ड पिशेल, हार्वडे युनि. प्रेस. पृ. ४०।

१०. शकुन्तला - अअं जेव अच्चुवचारों अविस्सासजणओ। (अयमेव अत्युपचारः अविश्वासजनकः)। (अभि.शकु.,रिचार्ड पिशेल, पृ. ४०)।

११. The element of time involved in the whole process has been discussed threadbare by Prof. Belvalkar. The transition form अनिर्वाणो दिवसः। to वत्से, परिणतो दिवसः। appears in the retrenched edition to have been covered by a few moments only, but literary propriety and relevance demand that a number of events must be brought in to fill up the gap between afternoon and evening. The love elaboration of the Bengali-Mithila-Kashmir recensions may be justified from the standpoint of time-propriety too.- A reconstruction of the Abhijnanas'akuntalam, Ed. Dileep Kumar Kanjilal, Sanskrit College, 1980, Page-127.

१२. (प्रविश्य पात्रहस्ता गौतम) जाते, इदम् शान्त्युदकम्। (दृष्ट्वा) अस्वस्था इह देवतासहायिनी तिष्ठसि।।, शकुन्तला-इदानीमेव प्रियंवदानसूये मालिनीम् अवतीर्णे। रिचार्ड पिशेल की आवृत्ति, (पृ. ४१)।

१३. इदमेव प्रयोजनमेतस्य नाटकोत्तमस्येत्यभिनवगुप्तो नाट्यशास्त्रविवृतावभिनवभारत्यां १९-२२ कारिकायां घनश्यामश्च। अत एव सार्थक्यं षष्ठसप्तमांकयोः।। -कालिदास-ग्रन्थावली (द्वितीयो भागः), अनु. रेवाप्रसाद द्विवेदीजी, कालिदाससंस्कृत अकादमी, उज्जैन, २००८, पृ० ३१८.

१४. राघवभट्ट की टीका में - देव्याज्ञापयति- आगामिनि चतुर्थदिवसे प्रवृत्तपारणो मे उपवासो भविष्यति। तथा काटयवेम की टीका में -देव्याज्ञापयति-आगामिनि चतुर्थदिवसे निर्वृतपारणो मे उपवासो भविष्यति। ऐसे पाठान्तरों को स्वीकार किया गया है।।

१५. एतत्कृत्वा प्रियमनुचितप्रार्थनावर्तिनो मे, सौहार्दाद् वा विधुर इति वा मय्यनुक्रोशबुद्ध्या।। -मेघदूत-५५

१६. जो करुणा होती है वह ईश्वर की होती है, और जो सहानुभूति होती है वह साधुपुरुष की होती है। इस करुणा और सहानुभूति के बीच में अनुक्रोश आता है तथा अनुक्रोशत्व के कारण प्रेमोद्भव होता है-ऐसा संस्कृत कवियों ने बार-बार दिखाया है।

१७. शकुन्तला-न तावत् एनम् प्रेक्षे। पवनोत्कम्पिना कर्णोत्पलरेणुना कलुषीकृता मे दृष्टिः।। राजा-यदि मन्यसे अहमेनां वदनमारुतेन विशदां करिष्ये।। शकुन्तला-ततो अनुकम्पिता भवेयम्।। (रिचार्ड पिशेल आवृत्तिः, पृ० ४०)।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

अपोहवाद और व्याकरण परम्परा के शब्दार्थ सिद्धान्तों की समीक्षा

अम्बिकादत्त शर्मा

शान्तरक्षितः अपोहवादं प्रस्तुवन् प्रतिभासिद्धान्तं खण्डयति। परन्तु अपोहवादस्य प्रवर्तको दिङ्नागः अपोद्धार-प्रतिभासिद्धान्तौ तथैवाङ्गीचकार यथा भर्तृहरिः वाक्यपदीये प्रतिपादयामासेति प्रतीयते। अनयोः मतयो र्मध्ये भेदोऽस्ति उत नेति विचारयत्यस्मिन् प्रबन्धे सूक्ष्मतया मतान्युपस्थाप्य प्रबन्धा।

"परमार्थस्तु आर्याणां तूष्णीभावः"–यदि भाषा-दर्शन की दृष्टि से विचार किया जाय तो यह कहा जा सकता है कि बौद्ध नैयायिकों का का सम्पूर्ण दार्शनिक चिन्तन इस बात से सम्बन्धित है कि वह क्या है जिसे भाषा के माध्यम से व्यक्त नहीं किया जा सकता और भाषा के माध्यम से जो कुछ व्यक्त होता है उसका स्वरूप क्या है? क्या भाषा किसी वस्तु के स्व-स्वरूप को व्यक्त करती है अथवा भाषा के द्वारा जो कुछ व्यक्त होता है, वह किसी वस्तु का वास्तविक स्वरूप न होकर कुछ और ही होता है? क्या मानवीय संज्ञान की कोइ ऐसी भी स्थिति है जहाँ ज्ञान तो हो, लेकिन भाषा अनुपलब्ध रहती हो? क्या भाषा में ही कोई अन्तर्निहित कमजोरी है कि ज्ञान की उस अवस्था में जहाँ वास्तविकता अपने स्व-स्वरूप में उपलब्ध तो होती है लेकिन भाषा उसे स्पर्श तक नहीं कर पातीं? तब भाषा की प्रकृति को किस प्रकार समझा जाय? भाषा में व्यक्त वास्तविकता किस प्रकार अपने स्व-स्वरूप से च्युत हो जाती है?

उपर्युक्त समस्याओं पर बौद्ध नैयायिकों में एक तत्त्वमीमांसीय पृष्ठभूमि में ज्ञानमीमांसीय आधार पर गम्भीरता से विचार-विमर्श करते हुए जो स्थापनायें की हैं उसे "अपोहवाद" का नाम दिया है। अपोहवाद ही बौद्धों के भाषा-दर्शन का केन्द्रीय सिद्धान्त है। यह भाषा और सत् के स्वरूप के साथ कितना न्याय करता है, यह कहना तो कठिन है, फिर भी इसमें एक मूलग्राही दृष्टि है जो

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

शब्द और उसके अर्थ के महत्त्वपूर्ण पक्ष को उद्घाटित करता है। दूसरे शब्दों में कहें तो अपोहवाद की मौलिकता इस बात में निहित है कि भाषा की मूलगामी भूमिका विधानपरक नहीं बल्कि निषेधमूलक है। इसीलिए आचार्य दिङ्नाग ने शब्द और विकल्प में परस्पर जन्य-जनक भाव को स्वीकार किया है (विकल्प योनयः शब्दा, विकल्पाः शब्द योनयः)। बौद्ध चिन्तन परम्परा के इतिहास में इस सिद्धान्त का सर्वप्रथम प्रवर्त्तन आचार्य दिङ्नाग ने किया था। तदुपरान्त धर्मकीर्ति, धर्मोत्तर, प्रज्ञाकर गुप्त, शान्तरक्षित, कमलशील, ज्ञानश्री मित्र, रत्नकीर्ति इत्यादि के द्वारा इसका उत्तरोत्तर विकास हुआ है। वैदिक परम्परा के दार्शनिकों में कुमारिल भट्ट, उद्योतकर, वाचस्पति मिश्र, उदयनाचार्य इत्यादि के द्वारा अपोहवाद के भूरिशः खण्डन ने भी इस सिद्धांत के विकास और परिष्कार को भरपूर प्रभावित किया है।

I

यदि भारतीय भाषा दार्शनिक चिन्तन के इतिहास में दिङ्नाग से पूर्व अपोहवाद के गुण-सूत्रों को खोजने का प्रयास किया जाय तो हमें पतञ्जलि द्वारा उपस्थापित अतिसाधारण लेकिन अतिमहत्त्पूर्ण उस प्रश्न पर विचार करना होगा कि पद का अर्थ अर्थात् पदार्थ क्या है? ऐतिहासिक रूप से व्याकरण परम्परा में इस प्रश्न के दो प्रतिनिधि उत्तर दिये गये हैं जिन्हें क्रमशः वाजप्यापन और व्याडि से जोड़ा जाता है। वाजप्यापन का मत था कि शब्द और शब्दांश जाति (आकृति) के वाचक होते हैं और व्याडि का मानना था कि सभी शब्द द्रव्य अथवा व्यक्ति का अभिधान करते हैं क्योंकि क्रिया की साक्षात् अन्विति व्यक्ति से ही होती है (**आकृत्यभिधानद्वैकं विभक्तौ वाजप्यापनः** और **द्रव्याभिधानं व्याडिः**)। यहाँ अपोहवाद के सन्दर्भ में व्याडि का अभिमत ऐतिहासिक महत्त्व का है। पतञ्जलि, हेलाराज, कुमारिल और पार्थसारथि मिश्र इत्यादि ने जहाँ कहीं भी व्याडि के मत का उल्लेख किया है, सभी ने उन्हें भेदवादी कहा है। व्याडि के भेदभाव का तात्पर्य यह है कि भेद ही वाक्यार्थ है और वाक्यगत प्रत्येक पद अपने वाच्य द्रव्य का द्रव्यान्तर की निवृत्ति पूर्वक अभिधान करता है। उदाहरण के लिए गौ पद का वाच्य गोत्व जैसा कुछ नहीं बल्कि उससे अ-गौ वर्ग में आने वाले हाथी, घोड़ा इत्यादि से गौ की भिन्नता अभिहित होती है। उसी प्रकार जब शुक्ल गौ कहा जाता है तो इससे शुक्लत्व का गौ व्यक्ति से संसर्ग सूचित नहीं होता बल्कि शुक्ल पद गौ व्यक्ति के सन्दर्भ में शुक्लेतर वर्णों का निषेध ही विदित होता है। वैसे ही इस वाक्य में गौ पद से गवेतर सभी शुक्लवर्णा वस्तुओं की व्यावृत्ति ही द्योतित होती है। अतएव कुमारिल भट्ट ने व्याडि के अभिमत को स्पष्ट करते हुए उचित ही कहा है कि "**भेदोनाम् पदार्थानां व्यवच्छेदः परस्पर–व्यक्ति पदार्थ पक्षे**

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

सर्वव्यक्तिनाम् गवादिपदेनौवोपात्तत्वात् विषयशब्दैः शुक्लादिभिः कृष्णादि-व्यवच्छेदमात्रं वक्तव्यम्-" तन्त्रवार्त्तिक। इस प्रकार कहा जा सकता है कि संग्रहकार व्याडि और अपोहवादी बौद्धों की भाषायी व्यवहार के सन्दर्भ में मूलभूत दृष्टि बहुत कुछ मिलती-जुलती है। कम से कम दोनों निषेध परकता अथवा व्यावृत्ति मूलकता को भाषा की मूलवृत्ति के रूप में स्वीकार तो करते ही है। परन्तु भेदवादी व्याडि और अपोहवादी बौद्धों के बीच के अन्तर की भी अनदेखी नहीं की जा सकती। एक भाषा वैज्ञानिक प्रतिपादन और दूसरे भाषा दार्शनिक प्रतिपादन में जो कुछ भी अन्तर हो सकता है, वह सब कुछ इन दोनों के बीच देखा जा सकता है। वाजप्यापन और व्याडि के मध्य सामान्य और व्यक्ति का विवाद भाषायी व्यवहार को लेकर है। भाषायी व्यवहार में सामान्य और व्यक्ति दोनों की आवश्यकता होती है लेकिन अन्तर केवल इस सन्दर्भ में महत्त्वपूर्ण हो जाता है कि इनमें से कौन प्राथमिक है और कौन गौण है। अतः व्याडि द्वारा सामान्य के विरोध को तात्त्विक स्तर का नहीं कहा जा सकता जबकि अपोहवादी सामान्य की तात्त्विकता का ही विरोध करते हैं। पुनः व्याडि को दृष्टि में भाषायी व्यवहार की व्यावृत्तिमूलकता भी भाषा को कल्पना अथवा विकल्प से नहीं जोड़ती है जबकि अपोहवादियों की दृष्टि में भाषा विकल्प के साथ ही प्रसूत होती है और अन्य व्यावृत्ति इस विकल्पीकरण की पूर्वशर्त है।

वस्तुतः अपोहवाद शाश्वतवादी तत्त्वचिन्तन और उसके भाषा-दर्शन के विरोध में क्षणिकवादी तत्त्वदृष्टि का भाषा-दर्शन है। वैदिक तत्त्वदृष्टि मूल रूप से शाश्वतवादी है लेकिन नैयायिक अपने तरीके से शाश्वतवाद का पोषण जाति या सामान्य तत्त्व के आधार पर करते हैं जिसका भाषा से सीधा-साधा सम्बन्ध होता है। अर्थात् भाषा तत्त्व को उसके वास्तविक स्वरूप में व्यक्त करती है अथवा किसी वस्तु का वही वास्तविक स्वरूप होता है जैसी वह भाषा में प्रदर्शित होती है। इसके विपरीत बौद्ध नैयायिकों का यह मानना है कि तत्त्व अपने अन्तिम विश्लेषण में क्षणिक ही सिद्ध होता है और भाषा उसे कदापि व्यक्त नहीं कर सकती। भाषा के द्वारा तत्त्व के संश्लेषित ओर विकल्पात्मक स्वरूप का ही विन्यास हो पाता है।

द्रष्टव्य है कि आस्तिक परम्परा के भाषा-दार्शनिक चिन्तन में भाषा और सत् (शब्दार्थ) के सम्बन्ध को नित्यसिद्ध[१] स्वीकार किया गया है किन्तु विचारणीय है कि क्या सचमुच भाषा और सत् के मध्य इस प्रकार के सम्बन्ध का कोई तात्त्विक आधार है या 'भाषा' मात्र मनुष्य की प्रतीक-रचना की योग्यता का एक ध्वन्यात्मक बौद्धिक अनुशासन है? भाषीय आधार पर हमारे व्यवहार

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

व्यवस्थित रूप में सम्पन्न होते हैं, क्योंकि भाषा और सत् में संवाद है। इस संवाद के तात्त्विक आधार के लिए हम कह सकते हैं कि भाषा के शब्दों अथवा वाक्यों में अर्थविशेष को व्यंजित करने की स्वाभाविक या ईश्वर प्रदत्त शक्ति होती है?[२] क्या इसीलिए बाह्य जगत् और आन्तरिक अनुभूतियाँ हमारी भाषा में चित्रित होती हैं और उस भाषा विशेष का व्याकरण इस भाषीय प्रतिबिम्बन की सम्प्रेषणीयता को नियमों में व्यवस्थित करता है।

यदि भाषा और सत् के प्रति उपर्युक्त दृष्टि के मूल में देखने का प्रयास किया जाय तो इसके पीछे नित्यतावादी तत्त्व दृष्टि, वेदों का सर्वोच्च प्रामाण्य और ईश्वर जैसी सत्ता की भूमिका ही परिलक्षित होती है। इन सबसे परे भाषा और सत् का संवाद मानव मन की एक सहज, सामान्य स्वीकृति है जिसे वह शताब्दियों के अपने अनुभव और व्यवहार के दृढ़ किया है। बौद्ध नैयायिकों ने भाषा और सत् पर विचार करते हुए, भाषा को बुद्धि के विकल्पों तक ही सीमित रखा है। उनके अनुसार शब्द का अर्थ से और अर्थ का शब्द से कोई तात्त्विक निबन्धन नहीं है।[३] हमारी बुद्धि में अर्थ जैसा प्रतिबिम्बन होता है, शब्द उसी का ग्रहण करते हैं। यह कोई आवश्यक नहीं कि बुद्धि में प्रतिबिम्बित अर्थ किसी वस्तु का वास्तविक स्वरूप हो।८अतएव शब्द न तो अर्थनिष्ठ है और न ही अर्थजात् बल्कि अर्थसंकेत का ध्वन्यात्मक प्रतीक, वक्ता के अभिप्राय मात्र का निवेदन ही शब्द है।[४] बौद्धों के अनुसार इस निवेदन का स्वरूप ही अपोहात्मक है। यही शब्द और अर्थ के संवाद सम्बन्ध का सुनिश्चित करता है। अपोहात्मक निवेदन का तात्पर्य यह है कि शब्द अपने अर्थ को विरुद्ध के प्रतिषेध पूर्वक व्यक्त करता है।[५] विरुद्ध का प्रतिषेध "अपोह" एक द्विवार निषेध का नियम है जिसे बौद्ध नैयायिक ज्ञानमीमांसीय आधार प्रदान करते हैं। इसे मतद्व्यावृत्ति भी कहते हैं। उदाहरणार्थ– जब हम नील कहते हैं तो नील शब्द अ–नील की व्यावृत्ति पूर्वक नील का विधायक होता है। अतएव स्पष्ट ही है कि निर्वचन में अपोहन आवश्यक रूप से सम्मिलित रहता है।

II

यहाँ अनील की व्यावृत्तिपूर्वक का पूर्वानुबन्ध शब्दों के अपोहात्मक अर्थाभिधान को सरल नहीं रहने देता है। इस बात को लेकर अपोहवादी और इसका प्रतिवाद करने वाले पारम्परिक बौद्धेतर आचार्य एवं आधुनिक अध्येता भी एतद्विषयक कई बिन्दुओं पर अस्पष्ट प्रतीत होते हैं। उदाहरण के तौर पर कहा जा सकता है कि अपोह भाषा का दर्शन है अथवा दर्शन की भाषा मात्र है? पुनः यह अर्थ का दर्शन है या दृश्य अर्थ ही है? शब्द क्यों अपने अभिप्राय का निवेदन

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

अतद्व्यावृत्तिपूर्वक करता है? क्या स्वयं शब्दों की प्रकृति ही ऐसी है कि वे अपने अभिप्रेत्य को अपोहात्मक रूप से व्यक्त करते हैं या शब्दों का अभिप्रेत्य ही स्वरूपतः अपोहात्मक रूप से संरचित है और इसीलिए उसकी शाब्दिक अभिव्यंजना अपोहात्मक रूप से होती है? फिर, अपोहन की क्रिया द्विवार निषेधपूर्वक फलित होती है लेकिन इस रूप में अपोहात्मक द्वैधिकरण का तात्पर्य क्या है? यह समस्त विश्व का द्वैधिकरण है या तद् और अतद् का द्वैधिकरण दृष्टिसाकल्य की सीमित परिधि में प्रतिफलित होता है? द्विवार निषेध के द्वारा किस तरह "वही और केवल वही" वस्तु के अर्थाभिधान में तार्किक अनिवार्यता होती है? अपोह किस प्रकार अन्यापोह विशिष्ट विधि और कहीं अन्यापोह मात्र क्यों है? बौद्धों के अपोहवाद का सही चित्र प्रस्तुत करने के लिए उपर्युक्त विवादात्मक स्थलों का स्पष्टीकरण आवश्यक प्रतीत होता है। हम इस निबन्ध को इसी दिशा में आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे और यह दिखाने का प्रयास करेंगे कि न केवल प्रमाणमीमांसा बल्कि भाषादर्शन भी किस प्रकार तत्त्वमीमांसा से अनुप्रेरित होती है।

अब यदि इस पक्ष को लिया जाय कि शब्द ही प्रकृतितः अपोहात्मक होते हैं, तो शब्द के द्वारा ही अर्थ के अपोहात्मक स्वरूप का निर्धारण स्वीकार करना होगा। ऐसी स्थिति में शब्द "अर्थ स्वरूप निर्धारक" होने से अर्थपूर्व हो जायेंगे। यह अनुभव का व्यभिचारी है। फिर यह कि शब्द-प्रयोग के अभाव में अर्थ का स्वरूप वैसा नहीं होता जैसा कि शब्द प्रयोग के पश्चात् उद्घाटित होता है। अर्थ की कतिपय ऐसी भी स्थितियाँ हैं, जहाँ शब्द प्रयोग की अव्यपदेश्यता होती है, तो क्या उनका कोई स्वरूप नहीं होता? उदाहरण के लिए वस्तुस्थिति की आत्यन्तिक विलक्षणता शब्दिक व्यपदेश्यता के योग्य नहीं होती। ज्ञानात्मक स्थितियों में निर्विकल्पक प्रत्यक्ष और स्वसंवेदन को अव्यपदेश्य कहा जा सकता है। भर्तृहरि किसी भी ज्ञान-स्थिति को इस रूप में स्वीकार नहीं करते जो शब्दानुविद्ध न हो।[६] वस्तुतः उनकी इस मान्यता की पूर्वमान्यता यह है कि जब ज्ञान को स्वरूपतः निराकार माना जाता है तो ज्ञान भाषा में ही आकार पाता है और इस तरह भाषा ज्ञानाकार की 'योनि' बन जाती है। बौद्ध ज्ञान को स्वरूपतः निराकार नहीं मानते बल्कि साकार रूपमें अवधारित करते हैं, अतएव भाषा उनकी दृष्टि में ज्ञानाकार की 'योनि' नहीं अपितु विकल्पाकार की 'योनि' बनती है। पुनः, भाषा में शब्दों का जैसा प्रयोग होता है, उनकी संरचना अपोहात्मक नहीं होती है। यदि शब्द की प्रकृति या स्वरूप ही अपोहात्मक होता है तो व्यवहार में शब्दों की बनावट भी "अनिवार्य", "अविसंवादी" जैसे शब्दों की तरह द्विविध निषेध या अतद्व्यावृत्ति के उपसर्ग, प्रत्यय पूर्वक होता है। यह भी नहीं कहा जा

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

सकता कि शब्दोच्चारण के अनन्तर वक्ता और श्रोता में तद्-अतद् का द्वन्द्व उत्पन्न होता है और तदनन्तर अतद् की व्यावृत्तिपूर्वक अर्थ बोध होता है। वक्ता की स्थिति में तो बोध को ही शब्द व्यंजित करते हैं और निर्द्वन्द्व रूप में श्रोता उसी से अवगत होता है। इसलिए शब्दोच्चारण के उपरान्त अपोह फलित नहीं होता, बल्कि अपोहित रूप में ही शब्द उच्चरित होते हैं।

अपोहपूर्वक शब्दोच्चारण का तात्पर्य यह है कि बोध ही अपोह-विशिष्ट होता है।[७] यह अपोह- विशिष्ट बोध निषेधवादियों का बोध नहीं, जिनके मतानुसार पहले अपोह को जानकर बाद में अन्यापोह का विधान होता है, क्योंकि व्यवहार कि समय विद्यमान में प्रतीत के विषय का ऐसा क्रम नहीं होता है। अतः इसमें प्रतीतिक्रम का व्यभिचार है। यह विधिवादियों का भी बोध नहीं, जिसके अनुसार पहले विधि को समझकर बाद में अर्थापत्ति से अपोह का समर्थन होता है। यह निरर्थक है, क्योंकि गौ-ज्ञान के पश्चात् अश्वादि के ज्ञान से गाय की उनसे भिन्नता तो समर्थित होती है, लेकिन इससे गाय के स्वरूप-ज्ञान में कोई वृद्धि नहीं होती। अतः गौ का बोध अपने बोध-काल में ही अपोहात्मक होता है। तभी तो गौ-बोध से अश्वादि में प्रवृत्ति न होकर अ-गोव्यावृत्त-गौ में ही सबकी प्रवृत्ति होती है।[८]

वस्तुतः बोध का स्वरूप अपोहात्मक मानने से अन्ततः यही स्वीकार करने में लाघव है कि बोध जिस अर्थ का ज्ञापक या प्रदर्शक होता है, वही स्वरूपतः अपोहात्मक है, क्योंकि बोध कोई स्वतन्त्र तथ्य ही नहीं, यह तो अर्थवशात् होता है। पुनः, बोध और अर्थ का संवाद सम्बन्ध स्वाभाविक रूप से अनिवार्य और नियत है। केवल इन्द्रिय, करण और सन्निकर्ष दोष से उत्पन्न भ्रम की अस्वाभाविक स्थिति को छोड़कर बोध और अर्थ के संवाद सम्बन्ध में अव्याप्ति, व्यभिचार और अन्यथात्व नहीं देखा जाता है। अतएव अर्थ की प्रकृति या स्वरूप ही अपोहात्मक है और इसी की अपेक्षा से बोध और उसकी शाब्दिक अभिव्यक्ति में अपोह का उपचार होता है।

अब यदि अर्थ ही अपोहस्वरूप है तो इसकी दो व्याख्याएँ हो सकती हैं। प्रथमतः यह कि बाह्य घट-पटादि अर्थ जिस प्रकार सामान्य अनुभव में प्रस्तुत होते हैं, वे वस्तुगत्या यथार्थ हैं, लेकिन उनका ज्ञान अपोहात्मक रूप से होता है। द्वितीयतः यह कि अपोहात्मक ज्ञान से पृथक् और परे उनका कोई स्वतत्त्व ही नहीं है। इसलिए अर्थ अपोहमात्र हैं। न्यायत्रादी बौद्धों की वैचारिकी में बाह्य घट-पटादि अर्थ इसी आशय में अपोहमात्र हैं। बाह्यार्थ की ऐसी अपोहात्मकता अनुभव और व्यवहार के उत्तल धरातल पर अभिमत नहीं होती। यह न तो बैखरी

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu. Collection

वाणी का विन्यास न ही अनुभवपूर्व अतीद्रिय,[९] बल्कि बुद्धि का प्रत्यक्ष पृष्ठभावी विकल्प है, जिसका भाषा के द्वारा अनिवार्य रूप से अनुगमन किया जाता है। धर्मकीर्ति के अनुसार इसकी व्याख्या तो परमार्थ के अन्वेषक व्याख्याकार ही करते हैं। सामान्यजन तो इसी को यथार्थ समझकर व्यवहार में प्रवृत्त होते हैं।[१०]

धर्मकीर्ति का उपर्युक्त कथन विशेष महत्त्व का है और इससे इंगित होता है कि बाह्यार्थो की अपोहात्मकता आनुभाविक नहीं है, बल्कि सामान्य अनुभव में जो कुछ गृहीत होता हैं, वह अपोहित होकर ही सामान्य अनुभव का ज्ञेय-विषय या हमारी भाषा का वाच्यार्थ होता है। अतः बाह्यार्थों के ऐसे अपोहात्मक स्वरूप को उद्‌घाटित करने के लिए सामान्य अनुभव की बनावट को समझना आवश्यक हो जाता है। सामान्य अनुभव से धरातल पर व्यवहर्ता तो किसी वस्तु को उसी रूप में यथार्थ समझता है जैसी कि वह प्रतीत होती है, क्योंकि व्यवहर्त्ता के लिए यह विवक्षा आवश्यक नहीं कि कोई वस्तु ऐसी ही क्यों प्रतीत होती है? परन्तु परमार्थ की विवक्षा रखने वाले व्यक्ति के लिए आवश्यक है कि वह सामान्य अनुभव के नेपथ्य में आत्म-चेतन विमर्शपूर्वक यह देखे कि कोई वस्तु ऐसी ही क्यों प्रतीत होती है, अन्य प्रकारक क्यों नहीं प्रतीत होती? धर्मकीर्ति के उपर्युक्त कथन में परमार्थ के अन्वेषक "व्याख्याकार" पद का यही आशय अभिप्रेत है। आचार्य दिङ्नाग-धर्मकीर्ति बुद्ध के विभज्यवादी पद्धति का अनुसरण करते हुए अनुभव का विश्लेषण कर संवृत्ति की अलीक अपोहात्मक विकल्परूपता का रहस्योद्‌घाटन और परमार्थ की विधिरूपता लेकिन बौद्धिक अनभिलाप्यता की तर्केण प्रतिष्ठा करते हैं। धर्मकीर्ति के अनुसार सामान्य अनुभव में हमें दो अत्यन्त भिन्न तत्त्व संश्लिष्ट रूप में प्राप्त होते हैं। इन्हें शक्त-अशक्त, सदृश-असदृश, शब्द का विषय-अविषय, बुद्धि ग्राह्य-अग्राह्य के द्वैविध्य में विभाजित किया जा सकता है। ये परस्पर विरोधी धर्म हैं, जो एक-दूसरे को व्यावृत्त करते हैं। इसलिए इनकी समाश्रयता को एकत्व मानना युक्तिसंगत नहीं। यह द्वैविध्य अनुभव में सर्वत्र व्याप्त हैं।[११] जहाँ आवश्यक रूप से परस्पर निवृत्तिमूलक द्वैविध्य प्राप्त हो तो लौकिक न्यायानुसार एक को वास्तविक और दूसरे को आरोपित समझना चाहिए। यही आचार्य दिङ्नाग-धर्मकीर्ति के प्रमेय द्वैविध्य और तदनुरूप प्रमाण द्वैविध्य के उपागम का आनुभविक आधार हैं।[१२] प्रमेय द्वैविध्य का तात्पर्य प्रमेय विप्लव को स्वलक्षण और सामान्यलक्षण में व्यवस्थित करना है और प्रमाण द्वैविध्य का तात्पर्य प्रमाण विप्लव को प्रत्यक्ष और अनुमान में नियोजित करना है। स्वलक्षण प्रत्यक्ष का विषय है।[१३] यह किसी वस्तु का अनुभव निरपेक्ष, अकृत्रिम, अकल्पित, अनारोपित स्वस्वरूप है, जो पूर्वापर भाग से सर्वथा रहित, सर्वतोव्यावृत्त, अयोगव्यवच्छेद-विधि-रूप, अर्थक्रिया का

CC-0 Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

क्षणमात्र, देशकाल और सत्ता की क्षणावच्छिन्न एकनिष्ठता है, जो उत्पत्यन्तर निरन्वय विनाशी होता है। सामान्यलक्षण अनुमान काल और सत्ता की क्षणावच्छिन्न एकनिष्ठता है, जो उत्पत्यन्तर निरन्वय विनाशी होता है। सामान्यलक्षण अनुमान का विषय है।[१४] यह किसी वस्तु का अनुभव-सापेक्ष, विकल्पारोपित पर-स्वरूप है, जो विजातीय व्यावृत्तिवशात् सभी आनुभाविक व्यतियों में समान रूप से प्राप्त होता है। यह अभिलाप्य, अलीक, अपोहात्मक, अर्थक्रिया में असमर्थ लेकिन अर्थक्रिया का प्रदर्शक, नामजात्यादि विकल्प-योजना से सम्प्रयुक्त होता है।

III

ध्यातव्य है कि स्वलक्षण और सामान्यलक्षण समान रूप से सत् और दो समानान्तर सत्ताएँ नहीं हैं। एक ही स्वलक्षण का स्वरूप और पररूप में अध्यवसित होने के कारण, वही और एक ही परमार्थ सत् दो स्तरों पर दो प्रमेयों में विभक्त हो जाता है।[१५] स्वलक्षण ही विकसित होकर सामान्य-लक्षण के रूप में अध्यवसित होता है। सामान्य अनुभव की परिसीमा में वस्तुनिष्ठ रूप से प्रतीत होने वाली सभी नील-पीत वस्तुएँ बौद्ध नैयायिकों की दृष्टि में अध्यवसित स्वलक्षण ही हैं। अध्यवसाय सामान्य अनुभव का नेपथ्य है, जिसमें बुद्धि अपनी विकल्पात्मक शक्ति से सामान्य अनुभव की संरचना करती है। अध्यवसाय की सम्पूर्ण प्रक्रिया ही अपोहात्मक है, इसलिए सामान्य अनुभव में गृहीत नील-पीत वस्तुओं को अपोह कहा जाता है।[१६] इसकी प्रक्रिया इस प्रकार है– निर्विकल्पक प्रत्यक्ष (कल्पनाऽपोढ़) द्वारा जब नील-क्षण का ग्रहण होता है तो वह उसके वर्तमानाभाव को व्यावृत्त करते हुए व्यावृत्त वर्तमानाभाव का अविनाभावी अतीत और अनागत भाव को भी व्यावृत्त कर देता है। इस प्रकार कल्पनाऽपोढ़ निर्विकल्पक प्रत्यक्ष द्वारा शुद्ध वर्तमानावच्छिन्न भाव का ग्रहण बौद्ध नैयायिक स्वीकार करते हैं। इस स्थिति में प्रत्यक्ष-ग्राह्य-विषय (स्वलक्षण) को आन्तरिक एवं बाह्य कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। यहाँ अभिलाप्यता के लिए कोई अवकाश ही नहीं। प्रत्यक्षीकरण की प्रक्रिया अपनी शुद्धता में यहीं विराम को प्राप्त होती है। वस्तुतः बौद्धों का कल्पनाऽपोढ़ निर्विकल्पक प्रत्यक्ष एक ऐसी स्थिति है जहाँ परमार्थसत् स्वलक्षण ग्राहक चेतना में स्वाकार अर्पित करता है और तत्क्षण बुद्धि की मनोजल्पात्मक क्रिया का आरम्भ भी नहीं हुआ रहता है। तदनन्तर बुद्धि का उत्प्रेक्षणात्मक विकल्प व्यापार आरम्भ होता है।[१७] बुद्धि का प्रथम कार्य निर्विकल्पक प्रत्यक्ष को ग्राह्य और ग्राहक दो ध्रुवों में विभक्त कर देना है। यह विभक्तिकरण नील-विज्ञान और उसका विषयात्मक सन्दर्भ नील-वस्तु के रूप में होता है, जिनके मध्य बुद्धि सारूप्य की स्थापना करती है। सारूप्य दो विलक्षण क्षणों का सालक्षण्य है। यह तत्त्वतः नहीं होता बल्कि बुद्धि का कार्य

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection.

होने से विकल्पात्मक ही है। बुद्धि उसी अनुपात में सारूप्य की स्थापना करती है, जिस अनुपात में वह असारूप्य की व्यावृत्ति करती है।[१८] बुद्धि इसी सारूप्य वशात् निर्विकल्पक प्रत्यक्ष द्वारा गृहीत क्षणिक प्रतिभास को "शुद्धअन्य" के रूप में बाह्यरूपेण अध्यवसित करती है। "शुद्ध-अन्य" के रूप में स्वलक्षण का अध्यवसाय यद्यपि बौद्धिक एवं विकल्पगर्भित होता है तथापि यह बुद्धि की ही प्रथम निर्विकल्पक स्थिति होने से ग्राह्य-ग्राहक असंवित् निर्विकल्पक प्रत्यक्ष का सजातीय, अविसंवादी होता है। श्चेरबात्सकी[१९] के अनुसार यह स्वलक्षणग्राही प्रत्यक्ष और विकल्पात्मक अध्यवसाय की मध्यवर्ती स्थिति है, जो दोनों को जोड़ने का कार्य करती है। धर्मकीर्ति के अनुसार यही "शुद्ध-अन्य" के रूप में बौद्धिक प्रज्ञा का निर्विकल्पक विज्ञान सामान्यजन को लभ्य होता है।[२०] "शुद्ध-अन्य" के रूप में ज्ञान का स्वरूप साकल्यात्मक परिप्रेक्ष्य लिये रहता है। साकल्यात्मक ज्ञान का तात्पर्य यह है कि बुद्धि "शुद्ध-अन्य" के ज्ञान को उसके पूरे परिप्रेक्ष्य में ग्रहण करती है।[२१] तत्पश्चात् बुद्धि अपने दृष्टिसाकल्य में उस "शुंद्ध-अन्य-विशेष" के अतिरिक्त अन्यों का अशेष रूपेण निषेध करते हुए "शुद्ध-अन्य-विशेष" को पंचविध कल्पनाओं में तत्तद विरूद्ध की व्यावृत्तिपूर्वक विधेयीकृत करती है। यथा–यह चित्रांगदा नाम की शुक्लवर्णा, दूध देने वाली, गोत्व जाति से सम्पन्न गाय द्रव्य है। इसी अतद्व्यावृत्तिपूर्वक "यह गाय है" के अध्यवसाय के कारण सभी गायों में एक समानता की प्रतीति होती है,[२२] जो "यह गाय है" के सामान्य अनुभव के नेपथ्य उपचेतन मन में अपोहात्मक रूप से निर्धारित होता है। आनुभाविक रूप में सभी गायें एक-दूसरे से भिन्न हैं, फिर भी उनमें एक अतद्व्यावृत्ति रूप व्यापक समानता के कारण "गोत्व सामान्य" या जाति की संकल्पना बुद्धि में आकारित होती है, जो वैसे सभी व्यक्तियों को व्याप्त करता है, जिनमें आश्रय, आलम्बन, आकार आदि की दृष्टि से सादृश्य और एकार्थक्रियाकारित्व की प्रतीति होती है।[२३] यहाँ प्रश्न उठता है कि एक ओर तो बौद्ध नैयायिक दो या दो से अधिक व्यक्तियों में समानता का हेतु "समान अतद्व्यावृत्ति" को बताते हैं और दूसरी ओर "समान अतद्व्यावृत्ति" का हेतु दो या दो से अधिक व्यक्तियों में "समानअर्थक्रिया-कारित्व" बताया जाता है तो उनमें समानता का हेतु अतद्व्यावृत्ति मात्र नहीं रह जाता बल्कि अर्थक्रियाकारित्वगत समानता का वस्तुगत हेतु भी प्रकारान्तर से प्रवेश प्राप्त करता है। धर्मकीर्ति इसका समाधान करते हुए कहते हैं कि कुछ वस्तुओं का स्वभाव ही ऐसा मानने में कोई हानि नहीं है, क्योंकि ज्ञानमीमांसीय दृष्टि से निर्विकल्पक प्रत्यक्ष की स्थिति में अर्थक्रिया का स्वरूप ऐन्द्रिक उद्दीपन मात्र होता है, जहाँ किसी प्रकार के व्यवहारयोग्य भेद-ग्रहण की प्रसक्ति भी सम्भव नहीं। यदि कहा जाय कि तब

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

उस अवस्था में विलक्षण क्षणों के द्वित्व का ग्रहण क्यों कर सम्भव होगा? तो इसके उत्तर में कहा जा सकता है कि द्वित्व का ग्रहण भी अपेक्षा बुद्धिपूर्वक ही होता है और ऐसा होने से यह भी विकल्पात्मक ही है। यहाँ तक कि अध्यवसायपूर्वक ही अर्थक्रिया को जल की शीतलता और अग्नि की उष्णता से विशेषीकृत किया जा सकता है। इसका तात्पर्य यह है कि समान अर्थक्रियाकारित्व को भी अन्ततः अध्यवसित ही समझना चाहिए। क्योंकि दो या दो से अधिक स्वलक्षणों में एकार्थक्रियाकारित्व होता है या नहीं, यह बौद्धिक ज्ञान का विषय ही नहीं, बल्कि स्वलक्षणों के पारस्परिक भेद-ग्रहण में असमर्थ बुद्धि भेदाग्रह कारण "एकप्रत्ययवमर्श"[२४] पूर्वक कुछ अध्यवसित स्वलक्षणों में एकार्थक्रियाकारित्व का आरोप करती है। इसी कारण उसमें एक ही प्रकार की अतद्व्यावृत्ति का उपचार होने से समानता की प्रतीति होती है।

यहाँ उल्लेखनीय है कि बौद्धेतर दार्शनिक इस अतद्व्यावृत्ति रूप से आकारित होने वाले समानता के सम्प्रत्यय को सामान्य अथवा जाति नामक एक ऐसे पदार्थ में रूपान्तरित कर देते हैं जो नित्य और भाव रूप से अनेक व्यक्तियों में एक ही साथ अपनी सम्पूर्णता में अनुगत रहते हुए उन सभी व्यक्तियों से पृथक् एवं परे स्वतन्त्र अस्तित्व रखता है। मानव बुद्धि की अपोहात्मक प्रकृति को समझे बिना सत्ता को जातिविशिष्ट व्यक्ति और व्यक्तिविशिष्ट जाति की "टोपोलॉजी" में स्थापित करना विचारासह्य है। ऐसे सामान्य का तात्पर्य तो एक ऐसी सत्ता से है जो एक साथ अनेक व्यक्तियों में रहते हुए उसी समय व्यक्ति विशेष में उपस्थित और अनुपस्थित दोनों एक साथ होता है क्योंकि एक व्यक्ति में विद्यमान सामान्य अन्यत्र उत्पन्न वस्तु में बिना पूर्व स्थान से हटे अचानक प्रकट हो जाता है। जहाँ वस्तु है, उस स्थान से सम्बद्ध हुए बिना वहाँ की वस्तु को व्याप्त करता है। न वहाँ जाता है, न वहाँ पहले से था और अनायास प्रकट हो जाता है यद्यपि न उसके अंश हैं, न वह पूर्व आधार को छोड़ता है। इसलिए आचार्य दिङ्नाग के अनुसार एकत्व, नित्यत्व और अनेकसमवेतत्व रूप सामान्य नामक किसी भाव पदार्थ को मानने से ऐसी कठिनाइयों की शृंखला जुड़ जाती है।[२५] वास्तव में ऐसा सामान्य काल्पनिक ही हो सकता है। बौद्धों का अतद्व्यावृत्ति रूप सामान्य भी ऐसे सभी गुण-लक्षणों से युक्त बताया जा सकता है लेकिन इसका तात्पर्य यह नहीं कि उसकी कोई वस्तुनिष्ठ सत्ता है।[२६] अतद्व्यावृत्ति रूप सामान्य में एकत्व होता है, क्योंकि यह प्रत्येक वैसे व्यक्तियों में अनुगत है जिनमें एकार्थक्रियाकारिता होती है। अतद्व्यावृत्ति रूप सामान्य नित्य होता है क्योंकि इसका निषेधात्मक आधार तार्किक रूप से कभी नष्ट नहीं होता। अतद्व्यावृत्ति रूप सामान्य प्रत्येक परिवर्तित होने वाले व्यक्तियों में वहीं बना रहता है।

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

अतद्व्यावृत्ति रूप सामान्य प्रत्येक व्यक्तियों में अपनी सम्पूर्णता में समवेत होता है। अतएव बौद्धेतर दार्शनिकों के सामान्य विषयक अवधारणा की अपेक्षा बौद्धों का अतद्व्यावृत्ति रूप से कल्पित सामान्य की संकल्पना में अनेक अनुकूलताएँ एवं तार्किक संगति है जबकि इस रूप में उसकी कोई भावरूप सत्ता नहीं है। इसलिए तथाकथित सामान्य वस्तुतः वर्ग-विशेष के व्यक्तियों में अनुगत एकत्व, नित्यत्व और अनेक समवेतत्व से युक्त भाव पदार्थ नहीं अपितु यह दो या दो से अधिक अध्यवसित स्वलक्षणों में समान अतद्व्यावृत्ति रूप से कल्पित अलीक बुद्ध्याकार है।[२७]

इस प्रकार स्पष्ट है कि अध्यवसाय की सम्पूर्ण प्रक्रिया अपोहात्मक है, जिसे बुद्धि अपनी अध्यक्षता में द्विविध स्तरों पर सम्पादित करती है। प्रथम स्तर पर बुद्धि स्वलक्षण द्वारा ग्राहक चेतना में अर्पित स्वाकार को अन्यव्यावृत्तिपूर्वक "यह है" के रूप में बाह्यरूपेण अध्यवसित करती है। "यह है" का अध्यवसाय आनुभाविक रूप में भावात्मक होता है, लेकिन इसकी अपोहात्मकता सामान्य अनुभव के नेपथ्य (उपचेतन मन) में सम्पादित होती है। दूसरे स्तर पर बुद्धि सामान्यीकरण की पद्धति से समान आश्रय, आलम्बन, आकार और अर्थक्रियाकारित्व वाले व्यक्तियों में अन्यव्यावृत्ति की समानता के कारण सामान्य या जाति की संकल्पना को आत्मसात् करती है। वस्तुतः अध्यवसाय एक प्रकार से बुद्धि की कार्यशाला है, जिसमें बुद्धि अपनी विकल्पात्मक शक्ति से आनुभाविक जगत् की विविधता का निर्माण करती है और स्वयं उसे ही अपोहात्मक रूप में स्थिर भी करती है। वास्तव में अपोहन अथवा व्यावर्त्तन बुद्धि के व्यापार का एक आवश्यक अंग है जिसे बुद्धि अपने व्यापार के सभी स्तरों पर न्यूनाधिक रूप से सम्पादित करती है।[२८] अतः बाह्यार्थ अपने आनुभाविक स्वरूप में अपोह मात्र ही है। अपोह विषयक न्यायवादी बौद्ध संकल्पना का यही वास्तविक मन्तव्य है।

IV

अब हम अपोह विषयक बौद्ध संकल्पना के संदर्भ में कुछ महत्त्वपूर्ण स्थलों की चर्चा करेंगे, जिनका स्पष्टीकरण अपोहवाद के हृदयंगम के लिए आवश्यक है। बौद्धेतर दार्शनिकों ने "अपोह" की आलोचना विशेषकर इन्हीं स्थलों को स्पर्श करते हुए की है।

सर्वप्रथम यह कि अपोह एक प्रकार का द्वैधिकरण है। बुद्धि की ऐसी स्वाभाविक प्रकृति है कि वह अतद् की व्यावृत्तिपूर्वक तद् का निश्चय करती है, लेकिन प्रश्न उठता है कि क्या अपोहात्मक निश्चय में बुद्धि सम्पूर्ण विश्व को अतद् और तद् में विभाजित करती है। यदि अपोहात्मक द्वैधिकरण का तात्पर्य

CC-0. Nepal Sanskrit Academy, Kathmandu Collection

